Department of
Higher Education
Govt. of Uttarakhand

EDII

# Devbhoomi Udyamita Yojana

देवभूमि उद्यमिता योजना

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

सबसे तेज प्रधान टाइम्स

## राजकीय महाविद्यालय जखोली में आयोजित उद्यमिता विकास प्रशिक्षण में स्वरोजगार अपनाने पर दिया जोर

गबर सिंह भण्डारी

**हरिद्वार/जखोली श्रीनगर गढ़वाल (सबसे तेज प्रधान टाइम्स)।** राजकीय महाविद्यालय जखोली में देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.कुमारी माधुरी द्वारा किया गया,जिसमें उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद एवं उत्तराखंड सरकार द्वारा संयुक्त प्रायोजित देवभूमि उद्यमिता विकास योजना के अंतर्गत आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में ईडीआईआई की प्रोग्राम मैनेजर रतुला दास व प्रोग्राम कॉर्डिनेटर कपिल कुमार मौर्य ने प्रतिभागियों को



स्वरोजगार के गुर बताते हुए आत्मनिर्भर बनकर अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ.नंदलाल ने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण का लाभ उठाकर अपना स्वरोजगार करने के लिए अपील की है। कार्यक्रम में 45 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर महाविद्यालय के डॉ.देवेश चंद्र, डॉ.सुभाष कुमार, डॉ.कपिल, डॉ.दिनेश नेगी, डॉ.दिलीप सिंह आदि उपस्थित रहे हैं।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

## छात्र जीवन से ही उद्यमिता की ओर बढ़ाएं कदम

संवाद सहयोगी, जागरण • पाटी (लोहाघाट) : राजकीय महाविद्यालय पाटी में देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत 12 दिवसीय उद्यमिता प्रशिक्षण का शुभारंभ हो गया है। प्रशिक्षण में महाविद्यालय के 45 छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रशिक्षण का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य हिना परवीन और कार्यक्रम की नोडल अधिकारी ऋतु ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों से छात्र जीवन से ही उद्यमिता की ओर कदम बढ़ाने का आह्वान किया।

नोडल अधिकारी ने अतिथियों, प्रशिक्षणार्थियों व कर्मचारियों का स्वागत किया। कार्यक्रम से जुड़े अरुणेश ने विद्यार्थियों के उद्यम पंजीकरण संबंधी सूचना प्रोजेक्टर पर वीडियो के माध्यम से प्रदान की। देवीधुरा के उद्यमी हयात सिंह मेहरा ने अपने उद्यम संबंधी अनुभव साझा करते हुए प्रशिक्षणार्थियों को प्रेरणा प्रदान की। प्रथम दिवस के अंत में प्रभारी प्राचार्य हिना ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अल्का आर्या, सपना, भगवती प्रसाद, जीवन राम, लक्ष्मण बिष्ट मौजूद रहे।

इधर राजकीय आदर्श महाविद्यालय देवीधुरा में उद्यमिता विकास कार्यक्रम जारी है। रिसोर्स पर्सन सिमरन रावत ने प्रतिभागियों को जूट से संबंधित रोजगार की विभिन्न संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी दी और जूट से बनने वाले विभिन्न उत्पादों का प्रशिक्षण दिया। प्रतिभागियों ने व्यवसाय से संबंधी अपने विचार प्रस्तुत किए। उद्यमिता केंद्र महाविद्यालय के नोडल अधिकारी डा. हेम चंद्र ने प्रतिभागियों को प्रस्तुतीकरण संबंधी गुर सिखाए। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डा. चंद्रसुत हरिओम ने प्रतिभागियों के विचारों की सराहना करते हुए उन्हें अधिक परिश्रम

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

## बुरांश से प्राकृतिक रंग तैयार करना सिखाया

संस, जागरण • देवीधुरा : राजकीय आदर्श महाविद्यालय देवीधुरा में उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत बुरांश से प्राकृतिक रंग तैयार करने की विधि बताई गई। देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत आयोजित प्रशिक्षण में मुख्य वक्ता पंकज तिवारी ने कहा कि देवीधुरा क्षेत्र में बुरांश बहुतायत से पाया जाता है। बुरांश से प्राकृतिक रंग तैयार किया जा सकता है। जिसे होली के रंगों के रूप में उपयोग में लाया जा सकता है। इससे रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे और रसायन युक्त रंगों से त्वचा को नुकसान होने से भी बचेंगे। माल्टा से जूस बनाने की प्रक्रिया बताई। प्राचार्य डा. गीता श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों के उत्साह एवं विचारों की सराहना करते हुए नवाचार अपनाने के लिए प्रेरित किया। संचालन देवभूमि उद्यमिता केंद्र के नोडल अधिकारी डा. हेम चंद्र ने किया।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))



# उद्यमिता योजना से पूरा होगा विकसित भारत का संकल्प

जागरण संवाददाता, ऋषिकेश: श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के ऋषिकेश परिसर में सोमवारको आयोजित देवभूमि उद्यमिता विकास कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के प्रो. धर्मेंद्र तिवारी ने छात्र-छात्राओं को उद्यमिता क्षेत्र में भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि उद्यमिता विकास योजना के माध्यम से ही विकसित भारत का संकल्प पूरा किया जा सकता है।

सोमवार को 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम के आठवें दिन वक्ता प्रो. धर्मेंद्र तिवारी ने छात्रों को उद्यमिता में नवाचार व विकल्प चयन को लेकर आवश्यक जानकारियां दीं। कहा कि उत्तराखंड पहला प्रदेश है जिसने उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के साथ समझौता किया है।

पंकज सिंह बिष्ट ने बटोई, अभिषेक घनशाला ने केसरा, शिवानी सेमवाल [illegible] प्यूर बूट्स, दीपिका ने मंत्र वेदा [illegible] व्यवसाय विचारों को प्रस्तुत किया। स्थानीय उद्यमी बीना जखमोला [illegible] गोरिल्ला मार्केटिंग पर विचार रखे। [illegible] तिवारी ने कहा कि सात मार्च को [illegible] ऋषिकेश परिसर में [illegible] का संचालन प्रो. एपी दुबे ने किया।

सोमवार को श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय ऋषिकेश परिसर में आयोजित देवभूमि उद्यमिता विकास योजना कार्यक्रम में व्यवसाय संबंधी [illegible] देते छात्र • सौजन्य परिसर

**युवाओं से उद्यमिता से जुड़ने का किया आह्वान:** महायोगी गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय बिथ्याणी यमकेश्वर में चल रहे देवभूमि उद्यमिता योजना कार्यक्रम के तहत आज आठवें दिन महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को इंगेजिंग यूथ आइडिया आन कंट्रीब्यूशन टू विकसित भारत 2047 से जुड़ने की जानकारी दी गई।

सथ ही युवाओं से उद्यमिता से जुड़ने का किया आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय परिसर ऋषिकेश के निदेशक प्रो. महावीर सिंह रावत ने सभी छात्र-छात्राओं को उद्यमिता से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि किस तरीके से छात्र इंगेजिंग यूथ आइडिया आन कंट्रीब्यूशन टू विकसित भारत 2047 में सहयोग कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि हर युवा को उद्यम से जुड़ना चाहिए और अपने को व्यस्त रखते हुए कुछ ना कुछ काम करना चाहिए। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. योगेश कुमार शर्मा ने कहा कि वर्तमान युवा उद्यामिता का ही है, इसलिए युवाओं को उद्यामिता के लिए अपनी सोच विकसित करनी होगी और इस दिशा में गंभीरता से प्रयास करने होंगे। डा. गौरव वार्ष्णेय ने बताया कि किस तरह से छात्र-छात्राएं उद्यमी बनकर अपने जीवन को सफल बना सकते हैं इसलिए हर किसी छात्रों को उद्यमिता से जुड़ना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डा. उमेश त्यागी ने किया। इस अवसर पर डा. गिरिराज सिंह, डा. राम सिंह सावंत, डा. विनय कुमार पांडे, पूजा रानी, नरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह बिष्ट, सुनील रावत आदि उपस्थित रहे।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))



# युवा स्वरोजगार अपनाकर बनें आत्मनिर्भर

## एलएसएम कैंपस में 12 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न, 34 युवाओं को किया गया प्रेरित

**आयोजन**

संस, जागरण • पिथौरागढ़: देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत स्थानीय एलएसएम कैंपस में 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में युवाओं को नवाचार, स्टार्टअप निर्माण, व्यावसायिक योजना, विपणन रणनीतियां, ब्रांडिंग, वित्तीय प्रबंधन और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के माध्यम से 34 प्रतिभागी युवाओं को स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।

समापन सत्र में परिसर के निदेशक डा. हेम चंद्र पांडेय ने वर्तमान समय में उद्यमिता की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला और इस कार्यक्रम में विभिन्न सत्रों का संचालन करने वाले सभी विशेषज्ञों का आभार व्यक्त किया। प्राचार्य डा. पुष्कर सिंह बिष्ट ने स्थानीय संसाधनों से व्यावसायिक अवसर उत्पन्न करने की संभावनाओं पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डा. रुचिता पंगरिया ने 12 दिनों तक चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का सारांश प्रस्तुत किया। औद्योगिक भ्रमण के तहत प्रतिभागियों को वाटर प्लांट, चाय बागान और मत्स्य पालन उद्योग का दौरा कराया गया। वहीं, कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञ डा. अभिषेक बहुगुणा ने मशरूम खेती और कृषि व्यवसाय के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया। पैराग्लाइडिंग पायलट शंकर सिंह ने पर्यटन आधारित व्यवसाय के अवसरों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। प्रतिभागियों को उद्यम पोर्टल पर पंजीकरण करने की प्रक्रिया भी सिखाई गई और उन्हें मुख्यमंत्री उद्यम शाला योजना व लखपति दीदी योजना जैसी सरकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। इस अवसर पर डा. इंदु जोशी, मनमोहन बोहरा, डा. योगेश कोठारी आदि मौजूद रहे।

लक्ष्मण सिंह महर कैंपस पिथौरागढ़ में 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें 34 युवाओं ने प्रतिभाग किया • जागरण

चंपावत के देवीधुरा महाविद्यालय में उद्यमिता विकास प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर प्राचार्य और अन्य • सौजन्य से महाविद्यालय

## स्वयं व देश के विकास के लिए उद्यमशील होना जरूरी

संवाद सहयोगी, जागरण • देवीधुरा (लोहाघाट) : राजकीय आदर्श महाविद्यालय देवीधुरा में 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का शुभारंभ हो गया है। शुभारंभ करते हुए प्राचार्य डा. गीता श्रीवास्तव ने कहा कि आज के समय में उद्यमिता सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। खुद के और देश के विकास के लिए सभी को उद्यमशील होने की जरूरत है। देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी डा. हेम चंद्र ने कहा कि देवभूमि उद्यमिता योजना छात्रों के लिए बहुत उपयोगी है। कहा कि सभी छात्रों को इसका लाभ लेना चाहिए। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद से आए हुए परियोजना अधिकारी अवनीश कुमार ने छात्रों को उद्यमिता नवाचार और स्टार्टअप के बारे में जानकारी दी। उन्होंने इस संबंध में राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के परियोजना अधिकारी अवनीश कुमार, फेकल्टी डा. कविता, डा. मनोहर जोशी, डा. चंद्रसुत हरिओम, डा. पूजा, डा. गायत्री जोशी, डा. संदीप सिंह आदि मौजूद रहे। प्रशिक्षण में महाविद्यालय के 65 से अधिक छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर रहे हैं।

## आसपास के संसाधनों में अवसर खोजना सफल उद्यमी की पहचान

संवाद सहयोगी, जागरण • लोहाघाट : स्वामी विवेकानंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रहे उद्यमिता विकास कार्यक्रम के पांचवें दिन एग्रो टूरिज्म पर आधारित स्वरोजगार पर चर्चा की गई।

प्राचार्य डा. संगीता गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्थानीय उद्यमी राकेश उपाध्याय ने कहा कि आम सोच से हटकर सोचना और अपने आसपास के संसाधनों में ही अवसर खोजना सफल उद्यमी की पहचान है। उन्होंने कहा कि उद्यमी को योजनाबद्ध तरीके से काम करके सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। दूसरे सत्र में नासिक से आए आर्किटेक्ट पुष्कर पाटिल और कृतिका ने पीपीटी के माध्यम से बांस से बनाए जाने वाले घर और रेस्टोरेंट के विषय में जानकारी दी। उन्होंने इस क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं पर चर्चा की। संचालन डा. शांति ने किया। इस दौरान डा. अर्चना त्रिपाठी, डा. मनोज कुमार, डा. सोनाली कार्तिक, डा. सरोज यादव, अरुणेश पांडेय, मोनिका, ऋतिक ढेक, मनीष बिष्ट, पंकज तिवारी, मुकेश कुमार, नितिन चौबे, मानसी, अनीश कुमार आदि मौजूद रहे।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

## छात्रों को सफल उद्यमी बनने के गुर बताए

**यमकेश्वर।** महायोगी गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय बिथ्याणी में देवभूमि उद्यमिता योजना के आठवें दिन विकसित भारत 2047 के तहत एक सेमिनार का आयोजन किया गया। श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के पं. ललित मोहन शर्मा परिसर के निदेशक प्रो. महावीर सिंह रावत ने महाविद्यालय के विकास में कंधा से कंधा मिलाकर साथ चलने का वादा किया। ऋषिकेश कैंपस के डॉ. गौरव वार्ष्णेय ने बताया कि किस तरह से छात्र-छात्राएं उद्यमी बनकर अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। प्रो. आनंद प्रकाश सिंह ने छात्रों को उद्यमिता के गुर बताए। प्रो. वाईसी सिंह ने छात्र-छात्राओं को अनुशासन के महत्व के बारे में जानकारी दी। संवाद

# DUY- Media Coverage

ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))



## उद्यमिता कार्यक्रम में बनाए कई उत्पाद

लोहाघाट। पीजी कालेज में उद्यमिता विकास कार्यक्रम का समापन हो गया है। जिसमें विभिन्न उत्पादों के स्टाल लगाए गए। कार्यक्रम नोडल डॉ.अर्चना त्रिपाठी ने बताया कि कार्यक्रम में प्रतिभागियों को स्वरोजगार से जुड़ी अनेक जानकारी विशेषज्ञों ने दी।

साथ ही विभिन्न प्रकार की हैंड ऑन ट्रेनिंग से भी प्रयोगात्मक ज्ञान दिया गया। देहरादून से आए विषय विशेषज्ञ अवनीश राय, अरुणेश पांडेय और जिला उद्योग केंद्र की मोनिका के सहयोग से कार्यक्रम का संचालन किया गया। यहां प्रभारी प्राचार्य डॉ. लता कैड़ा, डॉ.बीपी ओली, डॉ. मीना कुमारी रहे।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

दैनिक जागरण, 3 मार्च 2025

# पहाड़ी व्यजंन रहे आकर्षण का केंद्र

संवाद सहयोगी, जागरण • लोहाघाट : स्वामी विवेकानंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रहे 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का समापन हो गया है। अंतिम विभिन्न उत्पादों के स्टाल लगाए गए। इस दौरान विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को स्वरोजगार से जुड़ी अनेक जानकारियां दीं। विभिन्न प्रकार की हैंड आन ट्रेनिंग से भी छात्र-छात्राओं को प्रयोगात्मक ज्ञान दिया गया।



पीजी कालेज लोहाघाट में प्रदर्शनी में स्टालों का निरीक्षण करते अतिथि • सौ. महाविद्यालय

समापन के दौरान नवाचार और स्वरोजगार को ध्यान में रखते हुए प्रतिभागियों ने आर्गेनिक बड़ी, मुखवास, मोमबत्ती, ऐपण कला, पहाड़ी नमक, हस्तशिल्प, पहाड़ी रोटी, पहाड़ी व्यजनों आदि की प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम की नोडल डा. अर्चना त्रिपाठी ने बताया कि सभी उत्पादों को नवाचार के अंतर्गत स्वास्थ्य के लिए लाभकारी और विशिष्ट बनाया गया। किरन पंत और सुमन की डिजाइनर मोमबत्ती, मोहित बिष्ट के लाज पाव, मुकेश कुमार और हिमानी का पाचक मुखवास, रुखसाना का हस्तशिल्प, लक्ष्मी और कमला का पहाड़ी नमक, विनीता भौरियाल की ऐपण कला, गंगा और सुनीता के पहाड़ी व्यंजन, मानसी और अनीश कुमार की आर्गेनिक बड़ी, मुकेश माहरा की पहाड़ी रोटी तथा जया अधिकारी की होली की टी शर्ट और ऐपण कला के स्टाल को सभी ने सराहा।

ऐपण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त श्वेता वर्मा को भी पुरस्कृत किया गया। देहरादून से आए विषय विशेषज्ञ अवनीश राय और अरुणेश पांडेय एवं जिला उद्योग केंद्र की मोनिका के सहयोग से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य डा. लता कैड़ा, डा. बीपी ओली, डा. मीना कुमारी, डा. अनीता खर्कवाल, डा. नम्रता महर, डा. सुनील कुमार, डा. ममता बिष्ट, डा. मयूर, डा. सरस्वती सहित सभी प्रध्यापक मौजूद रहे।

देहरादून में होने वाले

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

अमर उजाला, 3 मार्च 2025

# स्वरोजगार के लिए युवाओं को किया प्रेरित



राजकीय पीजी कॉलेज लोहाघाट में प्रदर्शनी लगाकर अपने उत्पादों का प्रदर्शन करती छात्राएं। स्रोत: कॉलेज

संवाद न्यूज एजेंसी

लोहाघाट (चंपावत)। राजकीय पीजी कॉलेज लोहाघाट में आयोजित उद्यमिता विकास प्रशिक्षण का समापन हो गया। ऐपण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पानी वाली श्वेता वर्मा को पुरस्कृत किया गया।

नोडल डॉ. अर्चना त्रिपाठी ने बताया कि 12 दिनों तक चले प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को स्वरोजगार से जुड़ने आदि की जानकारियां दी गईं।

इस दौरान अवनीश राय, अरुणेश पांडेय, जिला उद्योग केंद्र, चंपावत की मोनिका ने भी रोजगार के लिए प्रेरित किया। किरन पंत और सुमन की डिजाइनर मोमबत्ती, मोहित बिष्ट के लॉज-पाव, मुकेश कुमार और

### उद्यमिता विकास प्रशिक्षण में ऐपण विजेता को किया पुरस्कृत

हिमानी का पाचक मुखवास, रुखसाना का हस्तशिल्प, लक्ष्मी और कमला का पहाड़ी नमक, विनीता भौरियाल की ऐपन कला, गंगा और सुनीता के पहाड़ी व्यंजन, मानसी और अनीश कुमार की ऑर्गेनिक बड़ी, मुकेश माहरा की पहाड़ी रोटी तथा जया अधिकारी की हौली की टी शर्ट और ऐपण कला के स्टाल को सभी ने सराहा।

इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. लता कैड़ा, डॉ. बीपी ओली, मीना कुमारी, अनीता खर्कवाल, नम्रता महर, सुनील कुमार, अनीता टम्टा, भूप सिंह धामी आदि मौजूद रहे।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

इधर राजकीय आदर्श महाविद्यालय देवीधुरा में उद्यमिता विकास कार्यक्रम जारी है। रिसोर्स पर्सन सिमरन रावत ने प्रतिभागियों को जूट से संबंधित रोजगार की विभिन्न संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी दी और जूट से बनने वाले विभिन्न उत्पादों का प्रशिक्षण दिया। प्रतिभागियों ने व्यवसाय से संबंधी अपने विचार प्रस्तुत किए। उद्यमिता केंद्र महाविद्यालय के नोडल अधिकारी डा. हेम चंद्र ने प्रतिभागियों को प्रस्तुतीकरण संबंधी गुर सिखाए। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डा. चंद्रसुत हरिओम ने प्रतिभागियों के विचारों की सराहना करते हुए उन्हें अधिक परिश्रम करने की प्रेरणा दी।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

नवोदय टाइम्स
SAT,01 MARCH 2025
EDITION: THE NAVODAYA TIMES UTTARAKHAND AND DEHRADUN, P

# डीएम ने उद्यमिता के क्षेत्र में होनहार छात्रा जैनब को किया पुरस्कृत

## 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का समापन

नई टिहरी, 28 फरवरी (नवोदय टाइम्स) : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नई टिहरी में 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का समापन हो गया। समापन समारोह में आईआईएम काशीपुर के इनक्यूबेशन सेंटर से पांच लाख की सहायता राशि प्राप्त करने वाली छात्रा जैनब को इस मौके पर सम्मानित किया गया। शुक्रवार को पीजी कॉलेज सभागार में डीएम दीक्षित ने कहा कि उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सरकार कार्य कर रही है।

उन्होंने होनहार छात्रा जैनब की उपलब्धि पर खुशी जतातई। डीएम दीक्षित सहित टीएचडीसी के ईडी एलपी जोशी, प्राचार्य प्रो. पुष्पा नेगी, एएसपी जेआर जोशी ने उन्हें प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अधिकारियों ने उद्यमिता केंद्र की अब तक की उपलब्धियों पर हर्ष जताते हुए हर संभव सहयोग का वादा किया। महाविद्यालय की उद्यमी छात्राओं द्वारा निर्मित ऐपण पेंटिंग वाली नाम पट्टिका अतिथियों को भेंट की गई। डीएम ने छात्रों के स्टाल का निरीक्षण कर सुझाव लिए। देवभूमि उद्यमिता योजना की मेंटर डा. हेमलता नौटियाल ने बताया कि छात्र-छात्राओं ने उद्यम पंजीकरण की प्रक्रिया के साथ ही स्थानीय लघु उद्योग इकाइयों का भ्रमण किया है। अब तक दो पेटेंट भी फाइल कर दिए हैं। उद्यमियों ने हर्बल साबुन, शैंपू, ऐपण कला, वेस्ट से वेल्थ का निर्माण किया।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))



amarujala.com 7

नैनीताल | बृहस्पतिवार, 27 फरवरी 2025

### विद्यार्थियों को बिजनेस करने के तरीके बताए

संवाद न्यूज एजेंसी

**किच्छा।** उच्चशिक्षा विभाग ने राजकीय महाविद्यालय में ईडीआईआई अहमदाबाद के सहयोग से देव भूमि उद्यमिता योजना शुरू की है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को बिजनेस करने के तरीके बताए जा रहा हैं।

राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजीव रतन ने बताया कि योजना के तहत कालेज के दो प्रोफेसर एक सप्ताह का फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम पूरा कर चुके हैं।

नोडल डॉ. प्रकाशचंद भट्ट उद्यमिता पर शोध पत्र लेखन में लगे हैं। यह योजना में 18 से 45 वर्ष की उम्र के वे युवा भाग ले सकते हैं, जिनमें उद्यमशीलता की भावना होती है। पाठ्यक्रम उन्हें विचार से लेकर उद्यम शुरू करने तक के सभी पहलुओं को समझने के लिए ज्ञान और कौशल से लैस करता है। बताया कि 20 फरवरी से कॉलेज में 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

# युवाओं के विकास एवं शोध नवाचार में एआइ की उल्लेखनीय भूमिका



अमोड़ी महाविद्यालय से वेबिनार में जुड़े विषय विशेषज्ञ • सौजन्य से महाविद्यालय

- महाविद्यालय अमोड़ी और बनबसा ने किया एआइ के योगदान पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन
- आनलाइन आयोजन में जुड़े देशभर से 250 अकादमिक विद्वान और शोधार्थी

संवाद सहयोगी, जागरण • चंपावत : राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी और राजकीय महाविद्यालय बनबसा के अर्थशास्त्र विभाग ने 2047 का विकसित भारत, युवाओं को सक्षम बनाने में एआइ (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के योगदान विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया। जिसमें देशभर से 250 अकादमिक विद्वानों और शोधार्थियों ने आनलाइन माध्यम से भाग लिया।

वेबिनार का शुभारंभ प्राचार्य डा. अजिता दीक्षित और डा. आनंद प्रकाश सिंह के स्वागत भाषण के साथ हुआ। कार्यक्रम में उत्तराखंड उच्च शिक्षा विभाग की निदेशक डा. अंजू अग्रवाल ने आयोजकों एवं प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। कहा कि इस प्रकार के विषय पर वेबिनार का आयोजन करना सराहनीय प्रयास है। बताया कि उच्च शिक्षा विभाग इन विषयों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रयासरत है। विशिष्ट अतिथियों में डा. खेमराज भट्ट, प्रो. दीपक कुमार पांडेय, प्रो. हरीश चंद्र जोशी, डा. राकेश कुमार पांडेय, डा. योगेश शर्मा ने भी विचार रखे। सभी ने संबंधित विषय पर भारत सरकार और राज्य सरकार के प्रयासों और नीतियों का उल्लेख करते हुए प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दीं।

मुख्य वक्ता आइटीएस स्कूल आफ मैनेजमेंट मोहननगर, गाजियाबाद डा. नमिता मिश्रा ने युवाओं को सशक्त बनाने में एआइ और विकसित भारत पर महत्वपूर्ण प्रेजेंटेशन दिए। कहा एआइ शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य सेवाएं और सामाजिक समावेशन जैसे क्षेत्रों में क्रांति ला सकता है। डा. विवेक कुमार सक्सेना केआइटीएम खटीमा ने शोध पद्धतियां और डेटा विश्लेषण के लिए ट्रेंडिंग टूल्स पर प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। एलनहाउस मैनेजमेंट कानपुर श्वेता चौहान ने एआइ का विभिन्न उद्योगों में उपयोग, नवाचार और परिवर्तन पर प्रकाश डाला। बाद प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने प्रश्न रखे। कार्यक्रम समन्वय अर्थशास्त्री डा. दिनेश कुमार गुप्ता और सह समन्वय अर्थशास्त्री डा. सुशीला आर्या ने संचालन किया। प्रो. मुकेश कुमार, डा. राजीव कुमार सक्सेना, डा. बीएन दीक्षित, डा. सुधीर मलिक, डा. हेम कुमार गहतोड़ी, अमोड़ी से डा. अर्चना वर्मा, डा. संजय कुमार, डा. रंजना सिंह, पुष्पा, डा. अतुल कुमार मिश्र और संजय कुमार गंगवार आदि मौजूद रहे।



# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

# स्टार्टअप शुरू करने के लिए छात्र-छात्राओं को उद्यमिता विकास का प्रशिक्षण जरूरी

- तकनीक का बेहतर उपयोग कर कार्य को बना सकते हैं आसान: प्रो अग्रवाल
- छात्र-छात्राओं को नामचीन उद्यमियों का उदाहरण देते हुए प्रेरित किया

जागरण संवाददाता, देहरादून : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मालदेवता, रायपुर में 12 दिवसीय देवभूमि उद्यमिता विकास योजना के तहत प्रशिक्षण शुरू हो गया। विषय विशेषज्ञ डा. दीपक चौहान ने कहा कि स्वयं का स्टार्टअप करने के लिए इस प्रकार का प्रशिक्षण विद्यार्थियों के लिए पहली सीढ़ी होती है।

मंगलवार को प्रशिक्षण प्रारंभ होने पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विनोद प्रकाश अग्रवाल ने उद्यमिता विकास योजना से आए रिसोर्स पर्सन का स्वागत किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए स्वयं का स्टार्टअप करने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आप सभी तकनीकी का बेहतर उपयोग कर अपने कार्य को आसान बना सकते हैं। नोडल अधिकारी प्रो. पूजा कुकरेती ने कार्यक्रम की गतवर्ष की उपलब्धियों से अवगत कराया और सीड मनी प्राप्त करने वाले प्रिंस मंडल व राहुल शाह के विषय में चर्चा की। छात्र प्रिंस मंडल को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित भी किया गया।

डा. चौहान ने कहा कि प्रत्येक छात्र अपने में हीरा है, जिसको इस कार्यक्रम के द्वारा तराश कर एक नया मुकाम प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अपना कार्य करने की संतुष्टि सबसे अलग होती है। अपने कार्य करने से आप रोजगार प्रदाता बन जाते हैं, जो समाज की उन्नति में सहायक होते हैं। कुछ गतिविधियों के माध्यम से उन्होंने छात्रों को कार्यक्रम के प्रति उत्साहित किया। उद्यमिता विकास कार्यक्रम के एक और मेंटर्स डा. धर्मेंद्र राठौर ने सभी छात्र-छात्राओं को व्यावसायिक विचार प्रस्तुत करने के लिए कहा। संचालक प्रोफेसर ज्योति खरे ने छात्र-छात्राओं को भारत के कई नामचीन उद्यमियों का उदाहरण देते हुए उन्हें अपने उद्यम की शुरुआत करने के लिए प्रेरित किया।




राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मालदेवता रायपुर में देवभूमि उद्यमिता विकास योजना के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करते छात्र-छात्राएं • साभार महाविद्यालय

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

# छात्रों को दी उद्यमिता योजना की जानकारी

**यमकेश्वर।** महायोगी गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय विथ्याणी में देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत 12 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। परियोजना अधिकारी सरवेंद्र रावत ने कार्यशाला का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि देवभूमि उद्यमिता योजना एक महत्वाकांक्षी योजना है, जो उच्च शिक्षा विभाग की ओर से उत्तराखंड के युवाओं को उद्यमी बनाने के लिए चलाई जा रही है। उन्होंने प्रतिभागियों को पूरे 12 दिन कार्यक्रम में शामिल होने और सीखने पर जोर दिया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. गिरिराज सिंह ने बताया कि देवभूमि उद्यमिता योजना से युवा अपने पैरों पर खड़े हो सकते हैं। राम सिंह सामंत, डॉ. उमेश त्यागी, विनय कुमार पांडेय, पूजा रानी, महेंद्र सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे। संवाद

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

# Mentored student receives Rs 5 lakh for startup under DUY

PNS ■ DEHRADUN

A mentored student of the project Devbhoomi Udhyamata Yojana (DUY) has received Rs five lakh for her startup in Uttishtha 2025, organised by IIM Kashipur. This funding is intended for her startup, Eco Nexus Innovation, which focuses on sustainable material innovation by converting pine needles into non-resilient fibre (NRF) boards. These boards can be utilised in furniture, cabinetry and shelving. Siddiqui is a student at Government Postgraduate College, New Tehri.

Regarding this, Health minister Dhan Singh Rawat congratulated Siddiqui on her achievement. He said, "This is the result of the positive efforts of the Higher Education department, enabling our girl students to establish their identities on national platforms. The growing participation of girl students in entrepreneurship is commendable. The government is committed to realising the prime minister's vision of developing India and will provide all possible assistance to such initiatives."

Additionally, the secretary of the Higher Education department Ranjit Kumar Sinha highlighted that the government is actively working to create an ecosystem for innovation and entrepreneurship in line with the National Education Policy (NEP). He said that through the DUY, a new generation of student entrepreneurs is being nurtured, with the funding received by Siddiqui serving as a testament to this effort. Sinha emphasised that the entrepreneurship ecosystem created by the DUY has not only fostered entrepreneurship in the State but has also improved the state's startup ranking. Further, the nodal officer of the DUY Deepak Kumar Pandey expressed gratitude to IIM for offering opportunities to students from remote and underserved areas.




THE PIONEER
CLASSIFIEDS
PUBLIC NOTICE

I Satendra Kumar S/o Goverdhan Prasad R/o H.No.111, Krishnapuram, Majri Mafi, I.I.P. Po: I.I.P. Dist: Dehradun, Uttarakhand -248005 have changed my name to Satendra Kumar Bahukhandi for all future purposes.

I No. 15434392L HAV (Chef hosp.) Jagdish Chandra Residence Military Hospital, Dehradun Uttarakhand. In my Army Documents my mother's name is wrongly entered as Sundri Devi whereas the correct and true name should be Sundari Devi as per Aadhar card.

मेरे पुत्र के सैन्य अभिलेखों अनुसार, मेरा गलत नाम महेंद्र सिंह के रूप में दर्ज है,सही नाम महेन्द्र सिंह आधार नं. 472311429799 F/o आर्मी नं. 16035146P राइफलमैन भीम सिंह, ग्राम व पोस्ट– पतलिया, तहसील – कोटकासिम (पुरानी) हरसौली (नई), जिला – अलवर (पुराना) खैरथल (नया), राजस्थान –301403 है।

मेरे पुत्र के सैन्य अभिलेखों अनुसार, मेरा गलत नाम सुनीता देवी के रूप में दर्ज है, सही नाम सुनीता आधार नं.872323652027 M/o आर्मी नं. 16035146P राइफलमैन भीम सिंह, ग्राम व पोस्ट– पतलिया, तहसील – कोटकासिम (पुरानी) हरसौली (नई), जिला – अलवर (पुराना) खैरथल (नया), राजस्थान –301403 है।

हमारे पुत्र का नाम नगर निगम के पंजीकरण में त्रुटिवश वियान कंडारी (VIYAAN KANDARI) दर्ज हो गया है। जबकि हमारे पुत्र का सही नाम

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

# युवाओं को दिया जाएगा 12 दिन का निशुल्क उद्यमिता प्रशिक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

**बागेश्वर।** राजकीय महाविद्यालय, दुगनाकुरी में देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत 12 दिवसीय उद्यमिता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

यह कार्यक्रम 3 मार्च से 19 मार्च तक चलेगा, जिसमें 18 से 45 वर्ष के युवा ऑनलाइन पंजीकरण कर निशुल्क उद्यमिता के गुर सीख सकेंगे।

इस दौरान युवाओं को व्यवसाय से जुड़ी विभिन्न जानकारियां जैसे व्यवसाय योजना, बाजार विश्लेषण, पूंजी प्रबंधन, विपणन,

## 18 से 45 वर्ष के कर सकते हैं निशुल्क ऑनलाइन आवेदन

उद्यमिता की चुनौतियां और नेतृत्व कौशल आदि सिखाए जाएंगे। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के विशेषज्ञ इस कार्यक्रम में युवाओं को प्रशिक्षण देंगे।


योजना के नोडल अधिकारी डॉ. विवेक कुमार ने युवाओं से https://duy-heduk.org/registration/participant/edp में पंजीकरण कराने की अपील की।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

अवसर मिलेगा।



आइआइएम काशीपुर में देवभूमि उद्यमिता योजना से प्रशिक्षित टिहरी महाविद्यालय के छात्रा जैनब सिद्दकी को पांच लाख का स्टार्टअप ग्रांट चेक प्रदान किया गया • सौजन्य आयोजक

# जैनब को आइआइएम काशीपुर ने दिया पांच लाख स्टार्टअप फंड

- शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने जैनब सिद्दकी को दी बधाई
- राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नई टिहरी की छात्रा हैं जैनब

जागरण संवाददाता, देहरादून : देवभूमि उद्यमिता योजना से प्रशिक्षित छात्रा जैनब सिद्दकी को आइआइएम काशीपुर ने पांच लाख का स्टार्टअप फंड दिया है। जैनब ने स्टार्टअप पाइंस नीडल्स (चीड़ की पत्तियों) को नान-रेसिलिएंट फाइबर (एनआरएफ) बोर्ड में बदलकर एक सस्टेनेबल मटेरियल इनोवेशन किया। ये बोर्ड फर्नीचर, कैबिनेटरी और शेल्विंग के लिए उपयोगी हैं। स्टार्टअप का नाम इको नेक्सस इनोवेशन है। जैनब राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नई टिहरी की छात्रा हैं।

जैनब की इस उपलब्धि पर उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने बधाई देते दी। कहा कि यह उच्च शिक्षा विभाग के सकारात्मक प्रयासों का परिणाम है। छात्राएं राष्ट्रीय स्तर के मंचों पर अपनी पहचान बना रही हैं। उद्यमिता जैसे क्षेत्र में छात्राओं का आगे आना उत्साहजनक है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए सरकार है संकल्पबद्ध। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसे प्रयासों को हर संभव सहायता प्रदान करेगी।

सचिव उच्च शिक्षा डा. रंजीत कुमार सिन्हा ने राजकीय महाविद्यालय नई टिहरी की छात्रा जैनब को बधाई देते हुए कहा कि सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति की भावना के अनुरूप नवाचार एवं उद्यमिता का इको सिस्टम तैयार करने की दिशा में सकारात्मक कार्य कर रही है। कहा कि देवभूमि उद्यमिता योजना के माध्यम से छात्र उद्यमियों की नई पौध तैयार हो रही, जैनब को मिली फंडिंग इसका प्रमाण है।

देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी डा. दीपक कुमार पांडेय ने सुदूर एवं दूरस्थ क्षेत्रों के छात्रों को भी आइआइएम में अवसर प्रदान करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर निदेशक उच्च शिक्षा डा. अंजु अग्रवाल, भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के महानिदेशक डा. सुनील शुक्ला, डा. अमित द्विवेदी ने प्रसन्नता व्यक्त की।

क्लासीफाइड

व्यापार

रैपिडो ऑटो और बाइक के साथ फुल/पार्ट-टाइमर बनें। हर महीने 30,000 तक कमाएं। DL, RC, आधार/PAN और एंड्रॉइड फोन अनिवार्य। 03371370035

सूचना

हमने समिति का नाम " श्री बूढ़ा भरसार चंडियाल मन्दिर जीर्णोद्धार एवं पूजा समिति " पता- ग्राम व पो .- कपरोली, पट्टी- चोपड़ाकोट, तहसील थलीसैंण, पौड़ी गढ़वाल रखा है। यदि किसी को भी समिति के नाम और पते से आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 10 दिन के अंदर उप निबंधक फर्म सोसायटी एवं चिट्स कार्यालय पौड़ी में आपत्ति दर्ज करें। अध्यक्ष- राम सिंह

दैनिक जागरण
देहरादून
आप घर बैठे बुक कराएं
वर्गीकृत विज्ञापन
जानकारी के लिए संपर्क करें
सचिन रतूड़ी
8958892921
0135-2728285
QR कोड से भुगतान करें।
9927522215m@pnb
JAGRAN PRAKASHAN LTD

NAT
Natio
celeb
Comp
Occas
exhibi
used
depar
"Em
Lead

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

# जैनब के स्टार्टअप को मिले पांच लाख




टिहरी की छात्रा जैनब सिद्दीकी को पांच लाख रुपये का स्टार्टअप ग्रांट मिला है। • हिन्दुस्तान

देहरादून, विशेष संवाददाता। चीड़ की पत्तियों को परिष्कृत कर एक टिकाऊ उत्पाद में परिवर्तित करने के प्रयोग पर टिहरी डिग्री कालेज की छात्रा जैनब सिद्दीकी को पांच लाख रुपये का स्टार्टअप ग्रांट मिला है। आईआईएम काशीपुर के उत्तिष्ठ 2025 कार्यक्रम में जैनब को यह उपलब्धि मिली।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने जैनब को बधाई दी।कहा कि उद्यमिता जैसे क्षेत्र में छात्राओं का आगे आना उत्साहजनक है। सरकार ऐसे प्रयासों को हर संभव सहायता प्रदान करेगी। मालूम हो कि जैनब उच्च शिक्षा विभाग की देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत प्रशिक्षित है। देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी दीपक कुमार पांडे ने बताया कि जैनब का स्टार्टअप चीड़ की पत्तियों को नॉन-रेसिलिएंट फाइबर बोर्ड में बदलकर एक एक स्थायी उत्पाद तैयार करने में सहायता करता है। यह बोर्ड बोर्ड फर्नीचर के रूप में विभिन्न सामग्री बनाने में उपयोगी साबित हो सकते हैं। सचिव-उच्च शिक्षा डॉ. रंजीत कुमार ने कहा कि देवभूमि उद्यमिता योजना के माध्यम से छात्र उद्यमियों की नई पौध तैयार हो रही।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

# स्टार्टअप के लिए जैनब को आईआईएम काशीपुर से मिले पांच लाख रुपये

देहरादून। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नई टिहरी की छात्रा जैनब को स्टार्टअप के लिए आईआईएम काशीपुर से पांच लाख रुपये मिले हैं। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत इसके लिए जैनब, विभाग और देवभूमि उद्यमिता योजना टीम को बधाई दी है। वहीं, विभागीय सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि देवभूमि उद्यमिता योजना के माध्यम से छात्र उद्यमियों की पौध तैयार हो रही है।




स्टार्टअप के लिए जैनब को चेक देते अधिकारी। स्रोत : आईआईएम

देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत मेंटर एवं प्रशिक्षित जैनब सिद्दीकी का स्टार्टअप पाइन्स नीडल्स (चीड़ की पत्तियों) को नॉन-रेसिलिएंट फाइबर (एनआरएफ) बोर्ड में बदलकर एक सस्टेनेबल मटेरियल इनोवेशन को बढ़ावा दे रहा है। ये बोर्ड फर्नीचर, कैबिनेटरी और शेल्विंग के लिए उपयोगी साबित हो सकता हैं। जैनब के स्टार्ट अप का नाम इको नेक्सस इनोवेशन है।

जैनब की इस उपलब्धि पर उच्च शिक्षा मंत्री, डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग के सकारात्मक प्रयासों का परिणाम है कि हमारी छात्राएं राष्ट्रीय स्तर के मंचों प्रर अपनी अलग पहचान बना रही हैं। उद्यमिता जैसे क्षेत्र में छात्राओं का आगे आना उत्साह जनक है। सचिव उच्च शिक्षा डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य में उद्यमिता और स्टार्टअप का जो इकोसिस्टम तैयार किया है, उससे राज्य में न सिर्फ उद्यमिता को बढ़ावा मिला है बल्कि राज्य की स्टार्टअप रैंकिंग भी बढ़ी है। निदेशक उच्च शिक्षा डॉ अंजू अग्रवाल व देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी डॉ. दीपक कुमार पाण्डेय ने जैनब को बधाई दी है। ब्यूरो

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

# नवाचार को बढ़ावा देने के लिए उत्तिष्ठ का आगाज

## कार्यक्रम में सात स्टार्टअप संचालकों को 60 लाख रुपये के बांटे चेक

अमर उजाला ब्यूरो

काशीपुर। नवाचार और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) काशीपुर में उत्तिष्ठ 2025 का आयोजन किया गया। यह दो दिनी आयोजन एफआईईडी, आईआईएम काशीपुर और भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में सात स्टार्टअप संचालकों को 60 लाख रुपये के चेक बांटे।

आईआईएम काशीपुर में शनिवार को दो दिनी उत्तिष्ठ की शुरुआत हुई। एफआईईडी के निदेशक प्रो. सफल बत्रा ने बताया कि यह सम्मेलन उद्यमियों, उद्योग जगत के दिग्गजों और नीति निर्माताओं को नवाचार को बढ़ावा देने और सहयोग स्थापित करने के लिए एकजुट करता है। निदेशक प्रो. सोमनाथ चक्रवर्ती ने बताया कि आईआईएम ने समावेशी उद्यमिता को बढ़ावा देने में भूमिका निभाई है।

खासकर पर्यटन, कला और शिल्प के क्षेत्र में आठ महिला-नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स का समर्थन किया है। उन्होंने छात्रों को उद्यमिता को अपनाने, साहसिक कदम उठाने, जोखिम लेने और नवाचार को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उड़ान और हल्ट प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं जिसमें 450 युवा उद्यमियों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित अतिथियों उद्योग निदेशालय उत्तराखंड के संयुक्त निदेशक डॉ. दीपक मुरारी, सिडबी के उप महाप्रबंधक संतोष कुमार सिन्हा, उच्च शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक डॉ. दीपक कुमार पांडे, प्रशिक्षण और प्लेसमेंट, ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी देहरादून के सहायक डीन डॉ. श्याम कपरी आदि लोग मौजूद रहे।



उद्योग एक्सपर्ट व विशेषज्ञों ने की पैनल चर्चा। अमर उजाला

### पैनल चर्चा में उद्यमिता को बढ़ावा देने पर जोर

पैनल चर्चा में भारत सरकार की स्टार्टअप इंडिया और उत्तराखंड सरकार की स्टार्टअप उत्तराखंड जैसी पहलों पर चर्चा की गई जो देश में स्टार्टअप संस्कृति और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभा रही है। डॉ. दीपक मुरारी ने औद्योगिक नीति और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की वृद्धि के महत्व पर प्रकाश डाला। संतोष कुमार सिन्हा ने वित्तीय समावेशी पहलों पर चर्चा की। डॉ. दीपक कुमार पांडे ने शैक्षिक सुधारों और उद्यमशीलता के लिए कौशल विकास पहलों की आवश्यकता को बताया। डॉ. श्याम कपरी ने व्यवसाय रणनीति और एसके वर्मा ने व्यावसायिक प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया।

### इन स्टार्टअप्स को मिली 60 लाख की फंडिंग

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से सात स्टार्टअप को 60 लाख रुपये की फंडिंग प्रदान की गई है। प्री सीड स्टेज स्टार्टअप्स में ऑन्नीस प्रालि. के अनमोल पुंदीर, सुभाग हिमालयन रिसॉर्सेस ओपीसी प्रालि. की डॉ. प्रीती सिंह, इको नेक्सस इनोवेसंस की जैनब सिद्दीकी, स्वचल ऑटोमेशन प्रा.लि. की दीपक कोरंगा, माउंटेन मिलेट्स एलएलपी की डॉ. ज्योति नेगी को पांच-पांच लाख रुपये की फंडिंग मिली है।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))



# युवा स्वरोजगार अपनाकर बनें आत्मनिर्भर

## एलएसएम कैंपस में 12 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न, 34 युवाओं को किया गया प्रेरित

**आयोजन**

संस, जागरण • पिथौरागढ़: देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत स्थानीय एलएसएम कैंपस में 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में युवाओं को नवाचार, स्टार्टअप निर्माण, व्यावसायिक योजना, विपणन रणनीतियां, ब्रांडिंग, वित्तीय प्रबंधन और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के माध्यम से 34 प्रतिभागी युवाओं को स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।

समापन सत्र में परिसर के निदेशक डा. हेम चंद्र पांडेय ने वर्तमान समय में उद्यमिता की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला और इस कार्यक्रम में विभिन्न सत्रों का संचालन करने वाले सभी विशेषज्ञों का आभार व्यक्त किया। प्राचार्य डा. पुष्कर सिंह बिष्ट ने स्थानीय संसाधनों से व्यावसायिक अवसर उत्पन्न करने की संभावनाओं पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डा. रुचिता पंगरिया ने 12 दिनों तक चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का सारांश प्रस्तुत किया। औद्योगिक भ्रमण के तहत प्रतिभागियों को वाटर प्लांट, चाय बागान और मत्स्य पालन उद्योग का दौरा कराया गया। वहीं, कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञ डा. अभिषेक बहुगुणा ने मशरूम खेती और कृषि व्यवसाय के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया। पैराग्लाइडिंग पायलट शंकर सिंह ने पर्यटन आधारित व्यवसाय के अवसरों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। प्रतिभागियों को उद्यम पोर्टल पर पंजीकरण करने की प्रक्रिया भी सिखाई गई और उन्हें मुख्यमंत्री उद्यम शाला योजना व लखपति दीदी योजना जैसी सरकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। इस अवसर पर डा. इंदु जोशी, मनमोहन बोहरा, डा. योगेश कोठारी आदि मौजूद रहे।

लक्ष्मण सिंह महर कैंपस पिथौरागढ़ में 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें 34 युवाओं ने प्रतिभाग किया • जागरण

चंपावत के देवीधुरा महाविद्यालय में उद्यमिता विकास प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर प्राचार्य और अन्य • सौजन्य से महाविद्यालय

## स्वयं व देश के विकास के लिए उद्यमशील होना जरूरी

संवाद सहयोगी, जागरण • देवीधुरा (लोहाघाट) : राजकीय आदर्श महाविद्यालय देवीधुरा में 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का शुभारंभ हो गया है। शुभारंभ करते हुए प्राचार्य डा. गीता श्रीवास्तव ने कहा कि आज के समय में उद्यमिता सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। खुद के और देश के विकास के लिए सभी को उद्यमशील होने की जरूरत है। देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी डा. हेम चंद्र ने कहा कि देवभूमि उद्यमिता योजना छात्रों के लिए बहुत उपयोगी है। कहा कि सभी छात्रों को इसका लाभ लेना चाहिए। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद से आए हुए परियोजना अधिकारी अवनीश कुमार ने छात्रों को उद्यमिता नवाचार और स्टार्टअप के बारे में जानकारी दी। उन्होंने इस संबंध में राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के परियोजना अधिकारी अवनीश कुमार, फैकल्टी डा. कविता, डा. मनोहर जोशी, डा. चंद्रसुत हरिओम, डा. पूजा, डा. गायत्री जोशी, डा. संदीप सिंह आदि मौजूद रहे। प्रशिक्षण में महाविद्यालय के 65 से अधिक छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर रहे हैं।

## आसपास के संसाधनों में अवसर खोजना सफल उद्यमी की पहचान

संवाद सहयोगी, जागरण • लोहाघाट : स्वामी विवेकानंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रहे उद्यमिता विकास कार्यक्रम के पांचवें दिन एग्रो टूरिज्म पर आधारित स्वरोजगार पर चर्चा की गई।

प्राचार्य डा. संगीता गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्थानीय उद्यमी राकेश उपाध्याय ने कहा कि आम सोच से हटकर सोचना और अपने आसपास के संसाधनों में ही अवसर खोजना सफल उद्यमी की पहचान है। उन्होंने कहा कि उद्यमी को योजनाबद्ध तरीके से काम करके सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। दूसरे सत्र में नासिक से आए आर्किटेक्ट पुष्कर पाटिल और कृतिका ने पीपीटी के माध्यम से बांस से बनाए जाने वाले घर और रेस्टोरेंट के विषय में जानकारी दी। उन्होंने इस क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं पर चर्चा की। संचालन डा. शांति ने किया। इस दौरान डा. अर्चना त्रिपाठी, डा. मनोज कुमार, डा. सोनाली कार्तिक, डा. सरोज यादव, अरुणेश पांडेय, मोनिका, ऋतिक ढेक, मनीष बिष्ट, पंकज तिवारी, मुकेश कुमार, नितिन चौबे, मानसी, अनीश कुमार आदि मौजूद रहे।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

# उद्यमिता के बारे में दी जानकारी




रानीखेत, 21 फरवरी (ब्यूरो): रानीखेत स्व. जयदत्त वैला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत में उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखंड सरकार एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद (गुजरात) के संयुक्त तत्वावधान में "देवभूमि उद्यमिता योजना" अंतर्गत 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम के दूसरे दिन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. राहुल चन्द्रा द्वारा "उद्यमिता: अवसर एवं चुनौतियां" विषय पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से व्याख्यान दिया। उन्होंने मार्केट गैप आईडेंटिफिकेशन, इनोवेशन और टेक्निकल एडवांसमेंट के साथ-साथ मार्केटिंग स्ट्रैटेजिक, जैसे अहम विषयों पर भी चर्चा की। कार्यक्रम के तृतीय दिवस पर समस्त प्रतिभागी छात्र-छात्राओं द्वारा "सेल्फ एसेसमेंट एंटरप्रेन्योरशिप एक्टिविटी" में प्रतिभाग किया गया। इस दौरान डॉ. निहारिका सिंह बिष्ट, डॉ. नीतिका, डॉ. शीतल चौहान, डॉ. आस्था अधिकारी, डॉ. निष्ठा

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))




राजकीय महाविद्यालय पोखरी में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते वक्ता ● जागरण

# महाविद्यालय नागनाथ पोखरी में 12 दिवसीय उद्यमिता कार्यशाला शुरू

संवाद सूत्र जागरण, पोखरी: उत्तराखंड के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से देवभूमि योजना के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय नागनाथ पोखरी एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के संयुक्त तत्वाधान में 12 दिवसीय कार्यशाला आरंभ हुई।

इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. संजीव कुमार जुयाल ने कहा कि उद्यमशीलता मानव को किसी भी परिस्थिति में खुद को बनाए रखने तथा जीविका की समस्या हल करने तथा अपने समाज के लिए कुछ करने की क्षमता देती है। विद्यार्थियों को चाहिए कि अपनी क्षमताओं एवं आइडिया को एक्सपर्ट से विचार विमर्श करके उद्यम को आगे बढ़ना चाहिए।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा० अभय कुमार श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला। देवभूमि उद्यमिता योजना महाविद्यालय इकाई की सदस्य डा. रेनू सनवाल ने संसाधन एवं उनके उपयोग से निर्मित उत्पादों की उदाहरण सहित व्याख्या की। मुख्य वक्ता उद्यमिता संस्थान अहमदाबाद से आए डा. कपिल मौर्य ने फंडिंग स्रोतों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डा. आरती रावत, राजेश भट्ट, किरन चौहान, विक्रम सिंह कंडारी, नवनीत सती, विजय कुमार, दीपक, विजयपाल शामिल थे।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

**शुभारंभ** कार्यक्रम नवाचिका डॉ कंचन सहगल ने अतिथियों का स्वागत एवं कार्यक्रम के महत्व को क्रमिक रूप से समझाया

# महाविद्यालय पोखरी में 12 दिवसीय उद्यमिता कार्यशाला प्रारंभ

अमर हिन्दुस्तान



पोखरी। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नागनाथ पोखरी में 12 दिवसीय उद्यमिता कार्यशाला प्रारंभ। पढ़े लिखे नौजवान युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने तथा आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से देवभूमि योजना अंतर्गत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नागनाथ पोखरी एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में 12 दिवसीय कार्यशाला का आज से शुभारंभ हो गया है। कार्यक्रम नवाचिका डॉ कंचन सहगल ने अतिथियों का स्वागत एवं कार्यक्रम के महत्व को क्रमिक रूप से समझाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डा संजीव कुमार जुयाल ने कहा कि उद्यमशीलता मानव को किसी भी परिस्थिति में खुद को बनाए रखने तथा जीविका की समस्या हल करने तथा अपने समाज के लिए कुछ करने की क्षमता देती है। विद्यार्थियों को चाहिए कि अपनी क्षमताओं एवं अवसरों को कार्यशाला के दौरान और हुए एकाग्रता से विचार विमर्श करके उद्यम हेतु आगे बढ़ना चाहिए।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा अमन कुमार श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यदि युवा हमारे साथ अपने आइडिया साझा करें तो हम उसका इनक्यूबेशन करके फंड उपलब्ध कराने हेतु सहायता प्रदान करेंगे। साथ ही छात्र छात्राओं को उद्यम में आने वाली कठिनाई के निवारण हेतु प्रयास करेंगे।

महाविद्यालय इकाई के सदस्य डॉ अनिल कुमार ने उद्यम की संभावनाओं पर चर्चा करते हुए बताया कि किस प्रकार उद्यम एक सामान्य दुकानदारी या व्यवसाय से भिन्न है। देवभूमि उद्यमिता योजना महाविद्यालय इकाई की सदस्य डॉ रेनू सनवाल ने चमोली एवं आस पास के क्षेत्रों तथा पहाड़ी पर उपलब्ध संसाधन एवं उनके उपयोग से विभिन्न उत्पाद का उदाहरण सहित व्याख्या किया। डॉ-कपिल [illegible] ने पिछले एक वर्ष में उच्च शिक्षा में अध्ययनरत छात्र छात्राओं द्वारा विकसित उत्पादों एवं भविष्य की संभावनाओं की चर्चा करते हुए [illegible] पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम 12 दिवस तक चलता रहेगा जिसमें विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को उद्यम की संभावनाओं एवं उद्यम हेतु प्रेरित किया जाएगा।

कार्यक्रम के अंत में नोडल अधिकारी डॉ अमन कुमार श्रीवास्तव, डॉ॰ कपिल [illegible] एवं समिति सदस्यों द्वारा प्राचार्य को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ आरती रावत, डॉ राकेश भट्ट, डॉ किरन चौहान, विक्रम सिंह भंडारी, [illegible], विनय कुमार, दीपक, शिवप्रसाद, एवं प्रदीप सिंह, राजकीय पॉलिटेक्निक पोखरी के प्रधानाचार्य [illegible] सिंह नेगी [illegible] महाविद्यालय एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज पोखरी के छात्र छात्राएं मौजूद थे।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

# डिग्री कॉलेज, दून शहर में एंटरप्रेन्योरशिप ट्रेनिंग शुरू



### हायर एजुकेशन डिपार्टमेंट की ओर से किया जा रहा आयोजन

**DEHRADUN (17 Feb):** राजकीय महाविद्यालय देहरादून शहर में देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत 12 दिनी ट्रेनिंग प्रोग्राम की शुरुआत की गई. कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रिंसिपल प्रो. डीएन तिवारी ने दीप जलाकर किया. यह ट्रेनिंग हायर एजुकेशन डिपार्टमेंट और इंडियन एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, अहमदाबाद के सहयोग से हो रही है, ताकि उत्तराखंड के युवाओं को स्किल डेवलपमेंट का पूरा फायदा मिल सके.


### नए आइडियाज पर काम

ट्रेनिंग के पहले दिन मुख्य वक्ता डॉ. दीपक चौहान ने स्टूडेंट्स को बताया कि कैसे वे अपने खुद के बिजनेस की शुरुआत कर सकते हैं. उन्होंने स्टूडेंट्स को मोटिवेट करने के साथ ही एंटरप्रेन्योरशिप के फायदों के बारे में समझाया. कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. डीएन तिवारी ने स्टूडेंट्स को एंटरप्रेन्योरशिप के संभावनाओं और सफल एंटरप्रेन्योर की कहानियों से जोड़ा. सीनियर प्रोफेसर प्रो. पटेल ने बताया कि इस 12 दिन के कार्यक्रम में स्टूडेंट्स को नए आइडियाज पर काम करने, बिजनेस की संभावनाओं को समझने और अपने उद्यम को आगे बढ़ाने के तरीके सिखाए जाएंगे. कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीतू बलूनी ने किया, जिन्होंने ट्रेनिंग की पूरी रूपरेखा भी साझा की. पहले दिन, स्टूडेंट्स ने अपने बिजनेस आइडियाज भी शेयर किए और एक्सपर्ट्स से फीडबैक लिया. इस मौके पर डॉ. उषा, डॉ. मुक्ता, डॉ. गिरीश, डॉ. रेनू, डॉ. पंकज बहुगुणा, डॉ. हेमलता, डॉ. मनोज, डॉ. प्रतिभा, डॉ. मंजू, डॉ. राकेश नौटियाल समेत कई एक्सपर्ट्स मौजूद रहे. यह ट्रेनिंग स्टार्टअप कल्चर को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया है.

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))



परिवार से जुड़े लोग मौजूद रहे।

### उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आगाज किया

**कोटद्वार/सतपुली।** राजकीय महाविद्यालय सतपुली में 12 दिवसीय उद्यमिता योजना कार्यक्रम शुरू हो गया है। यह कार्यक्रम उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखंड के माध्यम से शुरू किया गया। इसका क्रियान्वयन संस्था भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद द्वारा किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से छात्र-छात्राओं को 12 दिन तक उद्यमिता विकास का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. संजय कुमार, प्रो. राकेश इस्टवाल, नोडल अधिकारी डा. विपिन चंद्र, देवभूमि उद्यमिता योजना के डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर सर्वेंद्र रावत, महाविद्यालय कॉर्डिनेटर मनीष राणा आदि थे।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

## विद्यार्थियों ने सीखे स्वरोजगार के गुर

**कांडा (बागेश्वर)।** राजकीय महाविद्यालय कांडा में 12 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण सोमवार से शुरू हुआ। प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को शिक्षा के बाद स्वरोजगार अपनाकर आय अर्जित करने की जानकारी दी गई। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. मधुलिका पाठक ने दीप जलाकर प्रशिक्षण शुरू कराया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि सभी विद्यार्थी कार्यक्रम में मनोयोग से प्रतिभाग करें। स्वरोजगार की गतिविधियों को सीखकर अपने जीवन में उतारें। प्रशिक्षक विनय कुमार यादव और संध्या पंत ने विद्यार्थियों को लघु और कुटीर उद्योग संचालित करने, ई-कॉमर्स बिजनेस, ऐपण आर्ट, कृषि उद्योग, पिरुल और रिंगाल से सजावटी सामान का निर्माण करने के बारे में बताया। इस दौरान डॉ.नीलम सोन, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नगेंद्र पाल, को-ऑर्डिनेटर डॉ. विजय आर्य आदि मौजूद रहे। संवाद

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

# टनकपुर महाविद्यालय को आयुष, वेलनेस में सम्मान




सम्मान प्राप्त करते प्राचार्य डॉ. अनुपमा तिवारी व प्रो. डॉ सुनील कुमार कटियार।

**संवाददाता, टनकपुर**

**अमृत विचार :** उत्तराखंड सरकार के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नित्यानंद स्वामी ऑडिटोरियम, दून विश्वविद्यालय, देहरादून में आयोजित दो दिवसीय मेगा स्टार्टअप समिट के दौरान राजकीय महाविद्यालय, टनकपुर, को "सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन आयुष एंड वेलनेस" के रूप में मान्यता एवं सम्मान प्रदान किया गया।

यह आयोजन देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत हुआ, जिसे एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, अहमदाबाद ने प्रायोजित किया था। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय टनकपुर के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के नोडल अधिकारी एवं डीयूवाई के चेयरपर्सन प्रोफेसर डॉ. सुनील कुमार कटियार और महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुपमा तिवारी ने कहा कि इस मान्यता के साथ संस्थान नवाचार, अनुसंधान एवं उद्यमिता विकास का केंद्र बनेगा। यह संस्थान राज्य में उद्यमशीलता की प्रतिभाओं को निखारने, उद्योग और शिक्षाविदों के बीच समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। समारोह में उच्च शिक्षा सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, मुख्यमंत्री के सचिव सुधांशु रंजन, सचिव शैलेश बगौली, कुलपति कुमाऊं विवि डॉ. डीएस रावत, डॉ. अंजू अग्रवाल आदि रहे।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

## छात्राओं को मिला नवाचार के लिए सीड फंड




पुरोला। राजकीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने दून विवि में आयोजित मेगा स्टार्टअप समिट कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान छात्र-छाओं ने अपने स्टार्टअप उत्पादों को प्रदर्शित किया। छात्राओं को नवाचार और उद्यमिता के लिए 75,000 रुपये का सीड फंड दिया गया। दो दिवसीय मेगा स्टार्टअप समिट कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय के अभिषेक आर्य, आंचल, शिवानी नौटियाल, अनामिका, संतोषी, रुचिता, आरती, कल्पना और करीना ने अपने स्टार्टअप उत्पादों के साथ इस इवेंट में भाग लिया। इस दौरान छात्राओं के चूलू का तेल, मिठाई, अचार, पहाड़ी बड़ी आदि उत्पादों को विशेष सराहना मिली। समिट में मनीषा, काजल चौहान, शिवानी नेगी और अंजली रावत को उनके नवाचार और उद्यमिता के लिए 75,000 रुपये का सीड फंड दिया गया। संवाद

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))



# राजकीय महाविद्यालय मालधन में 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का समापन

रामनगर, लोकसत्य।

राजकीय महाविद्यालय मालधन चौड़ में चल रहे 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का सोमवार को समापन हुआ। इस अवसर पर नोडल अधिकारी असिस्टेंट प्रोफेसर प्रियदर्शन ने 12 दिनों के अनुभवों को प्राचार्य डॉ. सुशीला सूद एवं समस्त प्रतिभागियों के सम्मुख प्रस्तुत किया।

मास्टर ट्रेनर मनीष आर्य ने छात्र-छात्राओं से इस 12 दिवसीय प्रशिक्षण के फीडबैक प्राप्त करते हुए उन्हें डीपीआर फॉर्म भरने की जानकारी दी। 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उद्यमिता में मानवीय मूल्य, जीवन लक्ष्य और उद्यमिता, ई मार्केटिंग, समय प्रबंधन वित्तीय एवं बैंकिंग जानकारियां स्वमूल्यांकन मार्केटिंग सहित उद्यमिता के विभिन्न आयामों के साथ ही स्थानीय उद्यमियों के साथ अचार, मशरूम उत्पादन, डोंगा पत्तल, उत्पादन फूलों का उद्यम, झाड़ू बनाना, डिस्पोजल स्लीपर, धूप अगरबत्ती जैसे विभिन्न उत्पादों का प्रायोगिक प्रशिक्षण भी प्राप्त किया। कार्यक्रम के तहत प्रतिभागियों को व्यावसायिक (शैक्षिक) भ्रमण पर कालाढूंगी कॉर्बेट म्यूजियम ले जाया गया। जहां उन्होंने पर्यटन तथा पर्यटन से जुडी विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों का अवलोकन कर उसे नजदीक से समझा। प्रतिभाग कर रहे विभिन्न 16 प्रतिभागियों ने अलग-अलग उद्यम में 16 उद्यम रजिस्ट्रेशन किए। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सुशीला सूद ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगी व अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस दौरान प्रो. (डॉ.) जी.सी. पंत, डॉ. पीके निश्चल, डॉ. निधि अधिकारी, प्रदीप चंद्र, मौ. नफीस, शुभम ठाकुर, कपिल आर्य, राकेश चंद्र, जगदीश चंद्र, जसवंत सिंह व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

री • 2025 | राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com |

# उद्यमिता विकास कार्यक्रम का समापन

**रामनगर (एसएनबी)।** राजकीय महाविद्यालय मालधनचौड़ में आयोजित 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का सोमवार को समापन हो गया।



समापन समारोह में मौजूद छात्र छात्राएं।

इस अवसर पर नोडल अधिकारी असिस्टेंट प्रोफेसर प्रियदर्शन ने 12 दिनों के अनुभवों को प्राचार्य डा. सुशीला सूद व प्रतिभागियों के सम्मुख प्रस्तुत किया। मास्टर ट्रेनर मनीष आर्य ने छात्र-छात्राओं से इस प्रशिक्षण के फीडबैक प्राप्त करते हुए उन्हें डीपीआर फार्म भरने की जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उद्यमिता में मानवीय मूल्य, जीवन लक्ष्य और उद्यमिता, ई-मार्केटिंग, समय प्रबंधन वित्तीय व बैंकिंग जानकारियां आदि के प्रशिक्षण लिया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को शैक्षिक भ्रमण पर कालाढूंगी कार्बेट म्यूजियम ले जाया गया। जहां उन्होंने पर्यटन तथा पर्यटन से जुडी विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों का अवलोकन कराया गया। प्राचार्य डा. सुशीला सूद ने इस कार्यक्रम के लिए सभी का आभार प्रकट किया। इस दौरान डा. जीसी पंत, डा. पीके निश्चल, डा. निधि अधिकारी, प्रदीप चंद्र, मौ. नफीस, शुभम ठाकुर, कपिल आर्य, राकेश चंद्र, जगदीश चंद्र, जसवंत सिंह व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

# उद्यमिता विकास कार्यक्रम का समापन

रामनगर, 3 फरवरी (ब्यूरो) : राजकीय महाविद्यालय मालधन चौड़ में चल रहे 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का सोमवार को समापन हुआ। नोडल अधिकारी असिस्टेंट प्रोफेसर प्रियदर्शन ने 12 दिनों के अनुभवों को प्राचार्य डॉ. सुशीला सूद एवं समस्त प्रतिभागियों के सम्मुख प्रस्तुत किया। मास्टर ट्रेनर मनीष आर्य ने छात्र-छात्राओं से इस 12 दिवसीय प्रशिक्षण के फीडबैक प्राप्त करते उन्हें डीपीआर फॉर्म भरने की जानकारी दी। 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उद्यमिता में मानवीय मूल्य, जीवन लक्ष्य और उद्यमिता, ई मार्केटिंग, समय प्रबंधन वित्तीय एवं बैंकिंग जानकारियां स्वमूल्यांकन मार्केटिंग सहित उद्यमिता के विभिन्न आयामों के साथ ही स्थानीय उद्यमियों के साथ अचार, मशरूम उत्पादन, डोंगा पत्तल, उत्पादन फूलों का उद्यम, झाड़ू बनाना, डिस्पोजल स्लीपर, धूप अगरबत्ती जैसे विभिन्न उत्पादों का प्रायोगिक प्रशिक्षण भी प्राप्त किया। कार्यक्रम के तहत प्रतिभागियों को व्यावसायिक (शैक्षिक) भ्रमण पर कालाढूंगी कॉर्बेट म्यूजियम ले जाया गया। जहां उन्होंने पर्यटन तथा पर्यटन से जुड़ी विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों का अवलोकन कर उसे नजदीक से समझा। विभिन्न 16 प्रतिभागियों ने उद्यम में 16 उद्यम रजिस्ट्रेशन किए। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सुशीला सूद ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगी व अतिथियों का आभार प्रकट किया।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

# छात्रों ने सीखे उद्यमी बनने के गुर

## उद्यमिता विकास कार्यक्रम का समापन



उद्यमिता प्रशिक्षण के समापन पर मौजूद प्रतिभागी एव प्रशिक्षक आदि

**रामनगर।** राजकीय महाविद्यालय मालधन चौड़ में 20 जनवरी से चल रहे उद्यमिता विकास कार्यक्रम का सोमवार को समापन हुआ। इस अवसर पर देवभूमि उद्यमिता के नोडल अधिकारी असिस्टेंट प्रोफेसर प्रियदर्शन ने इन 12 दिवसों के अनुभवों को प्राचार्य डा. सुशीला सूद एवं समस्त प्रतिभागियों के सम्मुख प्रस्तुत किया।

देवभूमि उद्यमिता योजना के मास्टर ट्रेनर मनीष आर्य ने छात्र-छात्राओं से इस प्रशिक्षण के फीडबैक प्राप्त किए तथा छात्र-छात्राओं को डीपीआर फॉर्म भरने की जानकारी भी दी। उद्यमिता विकास कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उद्यमिता में मानवीय मूल्य, जीवन लक्ष्य और उद्यमिता, ई-मार्केटिंग, समय प्रबंधन वित्तीय एवं बैंकिंग जानकारियां स्व मूल्यांकन मार्केटिंग सहित उद्यमिता के विभिन्न आयामों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। साथ ही स्थानीय उद्यमियों के साथ छात्र-छात्राओं ने विभिन्न उत्पादों जैसे अचार, मशरूम उत्पादन, डोंगा पत्तल, फूलों का उद्यम, झाड़ू बनाना, डिस्पोजल स्लीपर, धूप अगरबत्ती आदि का प्रायोगिक प्रशिक्षण भी प्राप्त किया। छात्र-छात्राओं को इस कार्यक्रम के तहत एक व्यावसायिक (शैक्षिक) भ्रमण भी कराया गया जिसमें उन्हें कालाढूंगी कॉर्बेट म्यूजियम ले जाया गया। जहां प्रतिभागियों ने पर्यटन तथा पर्यटन से जुड़ी विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों का अवलोकन कर उसे नजदीक से समझा। इस कार्यक्रम से प्रभावित होकर के प्रतिभाग कर रहे विभिन्न 16 प्रतिभागियों ने अलग-अलग उद्यम में अब तक 16 उद्यम रजिस्ट्रेशन किए हैं। कॉलेज की प्राचार्य डा. सुशीला सूद ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगी व अतिथियों का आभार प्रकट किया। समापन कार्यक्रम में कॉलेज की प्राचार्य डा. सुशीला सूद, प्रो. जीसी पंत, डा. पीके निश्चल, डा. निधि अधिकारी, प्रदीप चंद्र, मोहम्मद नफीस, शुभम ठाकुर, कपिल आर्य, राकेश चंद्र, जगदीश चंद्र, जसवंत सिंह व समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

### सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर में युवाओं के लिए उद्यमिता प्रशिक्षण

फ़रवरी 01, 2025 समाचार

The Academics News.



प उत्तराखंड शासन की देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर में स्थापित उद्यमिता केंद्र में युवाओं के लिए दिनाँक 4 से 15 फरवरी 2025 तक एक उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। ईडीआईआई अहमदाबाद के सहयोग से इस केंद्र में 18 से 45 वर्ष तक के नवोद्यमी सोच रखने वाले युवाओं के लिए यह 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम (Entrepreneurship Development Program - EDP) आयोजित किया जा रहा है।

4 फरवरी से 15 फरवरी 2025 तक आयोजित होने वाले इस उद्यमिता विकास कार्यक्रम में प्रतिभागियों को व्यवसाय शुरू करने के लिए आवश्यक कौशल जैसे व्यावसायिक योजना, विपणन, वित्त और प्रबंधन का व्यापक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा, व्यावसायिक योजना विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और इसके माध्यम से नेटवर्किंग के अवसर भी उपलब्ध होंगे।

इस कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ.गरिमा जायसवाल ने बताया है कि अब तक 50 से अधिक प्रतिभागियों ने अपना पंजीकरण करवा लिया है। पंजीकरण प्रक्रिया अभी भी जारी है। जो भी युवा इस उद्यमिता विकास कार्यक्रम में भाग लेना चाहते हैं, वे 3 फरवरी 2025 को बी.बी.ए. विभाग, सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर में देवभूमि उद्यमिता योजना की नोडल अधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी महाविद्यालय में वर्ष 2024 में दो सफल उद्यमिता विकास कार्यक्रम आयोजित किए गए थे, जिसमें प्रतिभागियों को ₹75,000 तक के स्टार्टअप फंडिंग का लाभ प्राप्त हुआ था।

आप नवीनतम अपडेट प्राप्त करने के लिए हमारे व्हाट्स एप चैनल https://whatsapp.com/channel/0029Va9lcjC3LdQamEa9mF0f या टेलीग्राम चैनल https://t.me/+-4PliPLFetkzOWE9 पर जुड़ सकते हैं....


SHARE THIS

Facebook G+

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))



सकता है जिससे 32 प्रतिशत

राजस्व वृद्धि और 56 प्रतिशत से अधिक

पुनर्जीवन निगरानी डिवाइस विकसित किया

## एसबीएस डिग्री कॉलेज में उद्यम लगाने का मिलेगा प्रशिक्षण

रुद्रपुर। एसबीएस डिग्री कॉलेज में विशेष उद्यमिता केंद्र की स्थापना की गई है। इसमें नवीन उद्यम लगाने के लिए युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार उभान और नोडल अधिकारी गरिमा जायसवाल ने बताया कि ईडीआईआई अहमदाबाद के सहयोग से बीबीए विभाग में एक विशेष उद्यमिता केंद्र स्थापित की गई है। इस केंद्र में 18 से 45 वर्ष तक के नवोद्यमी सोच रखने वाले युवाओं के लिए 12 दिनी उद्यमिता विकास कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। चार फरवरी से 15 फरवरी तक इसका आयोजन होगा। इसमें प्रतिभागियों को व्यवसाय शुरू करने के लिए व्यवसायिक योजना, विपणन, वित्त प्रबंधन आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। संवाद

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

अतुल कांडपाल, नवीन पांडे, नवीन चंद, खिलानंद पांडे, संजय सक्सेना रहे।

पुरस्कृत किया। माई सिटी रिपोर्टर

# उद्यमिता विकास कार्यक्रम में छात्रों ने सीखा स्वरोजगार

माई सिटी रिपोर्टर

यूओयू



यूओयू में लगाई गई प्रदर्शनी में स्टॉल का निरीक्षण करते अतिथि। संवाद

हल्द्वानी। उत्तराखंड मुक्त विवि में आयोजित 12 दिवसीय एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम (उद्यमिता विकास कार्यक्रम) के अंतिम दिन प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें 20 से अधिक उद्यमियों ने अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई।

विवि के छात्रों और शिक्षकों के अलावा हल्द्वानी शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रदर्शनी में आए लोगों ने उत्पादों को न केवल सराहा, बल्कि उन्हें खरीदकर प्रतिभागियों का उत्साह भी बढ़ाया।

यह एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम 16 जनवरी को आरंभ हुआ था। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से अनुभवी उद्यमियों, प्रोफेसरों और बैंक अधिकारियों को विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम के समापन समारोह में कुलपति प्रो. ओपी सिंह नेगी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम उत्तराखंड में पलायन की समस्या को रोकने में सहायक सिद्ध हो सकते हैं, क्योंकि रोजगार और उद्यमिता राज्य के विकास के लिए आवश्यक हैं।

देवभूमि उद्यमिता योजना के परियोजना अधिकारी अभिषेक नंदन ने बताया कि भविष्य में भी वह सभी प्रतिभागियों के साथ संपर्क बनाए रखेंगे। साथ ही उन्हें उद्यमिता से संबंधित मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान करेंगे। इस दौरान डॉ. अखिलेश सिंह, डॉ. नागेंद्र सिंह गंगोला, पूजा शर्मा, प्रिया बोरा, रितु बोरा, नवीन जोशी, प्रोफेसर एमएम जोशी, डॉ. बृजेश उपाध्याय आदि थे।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

## महाविद्यालय में उद्यमिता विकास कार्यक्रम शुरू



रामनगर, 20 जनवरी (ब्यूरो) : उच्च शिक्षा विभाग एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में चलाई जा रही देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत बारह दिवसीय कार्यक्रम का राजकीय महाविद्यालय मालधनचौड़ में शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि महेश पंडित ने छात्रों को उद्यम एवं स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर अपने जीवन अनुभव साझा किए। विशिष्ट अतिथि हरीश दफ़ोटी ने सामजिक उद्यम एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था में उद्यम द्वारा योगदान पर जोर देते हुए सरकार की इस पहल की सराहना की। नोडल अधिकारी प्रियदर्शन ने छात्रों को संबोधित करते हुए छात्र जीवन के साथ ही उद्यम के अवसरों को पहचानने और उसे स्टार्टअप के लिए प्रेरित कर ईडीपी कार्यक्रमों से होने वाले छात्रों को लाभ के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालयों में उद्यमिता केंद्र स्थापित करने के बाद 10 केन्द्रों को उत्कृष्ट केंद्र भी बनाया गया है। राज्य के विभिन्न संस्थानों से 20 छात्रों को स्टार्टअप सीड फंड भी प्रदान किया गया। योजना का उद्देश्य प्रदेश में युवाओं को उद्यम के लिए प्रेरित करना और उद्यम स्थापित करने के लिए सभी सुविधाएं देना है। मुख्य वक्ता अभिषेक नंदन, परियोजना अधिकारी ने देवभूमि उद्यमिता योजना के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ साथ परियोजना की रूपरेखा, छात्रों के लिए उद्यमिता के विभिन्न अवसरों के बारे में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य शुभम ठाकुर, डॉ. पीके निश्चल, डॉ. निधि अधिकारी, प्रदीप चन्द्र, मौ. नफीस, कपिल आर्य, राकेश, जगदीश चन्द्र आदि उपस्थित रहे।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))



यूओयू में मंगलवार को प्रदर्शनी का मुआयना करते कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी।

## यूओयू में उद्यमियों ने लगाई प्रदर्शनी


हल्द्वानी। यूओयू में 12 दिवसीय एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम का मंगलवार को समापन हो गया है। इस दौरान 20 से अधिक उद्यमियों ने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई। कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी ने सभी के उत्पादों की सराहना की। कहा, इस तरह के आयोजनों से सफल उद्यमी बनने में फायदा मिलेगा। इस मौके पर देवभूमि उद्यमिता योजना के परियोजना अधिकारी अभिषेक नंदन, नोडल अधिकारी डॉ.मनोज कुमार पांडे, डॉ. नागेंद्र गंगोला, पूजा, प्रिया, रितु,नवीन जोशी, प्रो. एमएम जोशी, डॉ.बृजेश उपाध्याय, बृजेश बनकोटी, डॉ. नीरज जोशी रहे।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

# महाविद्यालय में उद्यमिता विकास कार्यक्रम शुरू



कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

**रामनगर (एसएनबी)।** उच्च शिक्षा विभाग व भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय महाविद्यालय मालधनचौड़ में देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम शुरू हुआ।

मुख्य अतिथि महेश पंडित ने छात्रों को उद्यम व स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर अपने जीवन अनुभव साझा किये, जबकि विशिष्ट अतिथि हरीश दफोटी ने सामजिक उद्यम व स्थानीय अर्थव्यवस्था में उद्यम द्वारा योगदान पर जोर देते हुए सरकार की इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर महाविद्यालय के देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी प्रियदर्शन ने छात्रों को उद्यम के अवसरों को पहचानने और उसे स्टार्टअप के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालयों में उद्यमिता केंद्र स्थापित करने के बाद दस केंद्रों को उत्कृष्ट केंद्र भी बनाया गया है। राज्य के विभिन्न संस्थानों से 20 छात्रों को स्टार्टअप सीड फंड भी प्रदान किया गया। योजना का उद्देश्य प्रदेश में युवाओं को उद्यम के लिए प्रेरित करना और उद्यम स्थापित करने हेतु सभी सुविधाएं प्रदान करना है।

मुख्य वक्ता परियोजना अधिकारी अभिषेक नंदन ने देवभूमि उद्यमिता योजना के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ परियोजना की रूपरेखा, छात्रों के लिए उद्यमिता के विभिन्न अवसरों इत्यादि के बारे में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य शुभम ठाकुर, डा. पीके निश्चल, डा. निधि अधिकारी, प्रदीप चंद्र, मौ. नफीस, कपिल आर्य, राकेश, जगदीश चंद्र आदि उपस्थित रहे।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

# महाविद्यालय में 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का शुभारम्भ

**कार्यक्रम**

- **छात्रों को उद्यम और स्वरोजगार को किया प्रेरित**

रामनगर, लोकसत्य।



उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में चलाई जा रही देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत बारह दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम राजकीय महाविद्यालय मालधनचौड में शुभारम्भ किया गया।

मुख्य अतिथि महेश पंडित ने छात्रों को उद्यम एवं स्वरोजगार हेतु प्रेरित कर अपने जीवन अनुभव साझा किए। जबकि विशिष्ट अतिथि हरीश दफ़ोटी ने सामजिक उद्यम एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था में उद्यम द्वारा योगदान पर जोर देते हुए सरकार की इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर महाविद्यालय के देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी प्रियदर्शन ने छात्रों को संबोधित करते हुए छात्र जीवन के साथ ही उद्यम के अवसरों को पहचानने और उसे स्टार्टअप करने हेतु प्रेरित कर ईडीपी कार्यक्रमों से होने वाले छात्रों को लाभ के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालयों में उद्यमिता केंद्र स्थापित करने के बाद 10 केन्द्रों को उत्कृष्ट केंद्र भी बनाया गया है। राज्य के विभिन्न संस्थानों से 20 छात्रों को स्टार्टअप सीड फण्ड भी प्रदान किया गया। योजना का उद्देश्य प्रदेश में युवाओं को उद्यम के लिए प्रेरित करना और उद्यम स्थापित करने हेतु सभी सुविधाएं प्रदान करना है। मुख्य वक्ता अभिषेक नंदन, परियोजना अधिकारी ने देवभूमि उद्यमिता योजना के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ साथ परियोजना की रूपरेखा, छात्रों के लिए उद्यमिता के विभिन्न अवसरों इत्यादि के बारे में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य शुभम ठाकुर, डॉ. पीके निश्चल, डॉ. निधि अधिकारी, प्रदीप चन्द्र, मौ. नफीस, कपिल आर्य, राकेश, जगदीश चन्द्र आदि उपस्थित रहे।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

# महाविद्यालय में उद्यमिता विकास कार्यक्रम शुरू



कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

**रामनगर (एसएनबी)।** उच्च शिक्षा विभाग व भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय महाविद्यालय मालधनचौड़ में देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम शुरू हुआ।

मुख्य अतिथि महेश पंडित ने छात्रों को उद्यम व स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर अपने जीवन अनुभव साझा किये, जबकि विशिष्ट अतिथि हरीश दफोटी ने सामजिक उद्यम व स्थानीय अर्थव्यवस्था में उद्यम द्वारा योगदान पर जोर देते हुए सरकार की इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर महाविद्यालय के देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी प्रियदर्शन ने छात्रों को उद्यम के अवसरों को पहचानने और उसे स्टार्टअप के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालयों में उद्यमिता केंद्र स्थापित करने के बाद दस केंद्रों को उत्कृष्ट केंद्र भी बनाया गया है। राज्य के विभिन्न संस्थानों से 20 छात्रों को स्टार्टअप सीड फंड भी प्रदान किया गया। योजना का उद्देश्य प्रदेश में युवाओं को उद्यम के लिए प्रेरित करना और उद्यम स्थापित करने हेतु सभी सुविधाएं प्रदान करना है।

मुख्य वक्ता परियोजना अधिकारी अभिषेक नंदन ने देवभूमि उद्यमिता योजना के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ परियोजना की रूपरेखा, छात्रों के लिए उद्यमिता के विभिन्न अवसरों इत्यादि के बारे में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य शुभम ठाकुर, डा. पीके निश्चल, डा. निधि अधिकारी, प्रदीप चंद्र, मौ. नफीस, कपिल आर्य, राकेश, जगदीश चंद्र आदि उपस्थित रहे।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

## छात्रों को किया उद्यम व स्वरोजगार के लिए प्रेरित

रामनगर : 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम राजकीय महाविद्यालय मालधनचौड़ में सोमवार से प्रारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि महेश पंडित ने छात्रों को उद्यम एवं स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हरीश दफोटी ने सामजिक उद्यम एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था में उद्यम द्वारा योगदान पर जोर दिया। देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी प्रियदर्शन ने छात्र जीवन के साथ ही उद्यम के अवसरों को पहचानने और स्टार्टअप करने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य शुभम ठाकुर, डॉ. पीके निश्चल, डॉ. निधि अधिकारी, प्रदीप चन्द, मो. नफीस मौजूद रहे।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

**कर्णप्रयाग(अंकित तिवारी):** डॉ. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कर्णप्रयाग में देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में स्वरोजगार एवं उद्यमिता की भावना विकसित करना है, जिससे वे नौकरी के बजाय उद्यम स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकें।

कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. वी.एन. खाली एवं देवभूमि उद्यमिता योजना, देहरादून से आए  बिष्ट के बैज अलंकरण के साथ किया गया।



# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))



हमारा उत्तराखंड

# 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यशाला के चतुर्थ दिवस पर प्रोडक्ट डिजाइन, ब्रांडिंग, पैकेजिंग, लेबलिंग आदि अहम विषयों पर छात्र-छात्राओं के साथ चर्चा

22 February, 2025 विमल सती




ब्रेकिंग न्यूज़ दे अहम विषयों पर छात्र-छात्राओं के साथ चर्चा रानीखेत में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धामी सरकार में वित्त मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल का फूंका पुतला, कहा पहाड़वावि

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))



अमोड़ी कालेज में मंगलवार को प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ • सौ. कालेज प्रशासन

# अमोड़ी कालेज में उद्यमिता प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

- 12 दिवसीय कार्यक्रम में व्यापारी व विद्यार्थी कर रहे प्रतिभाग
- केंद्र के समन्वयक बोले-उद्यमिता से सृजित होंगे रोजगार

जागरण संवाददाता • चंपावत: उद्यमिता विकास के तहत अमोड़ी डिग्री कालेज में 12 दिवसीय उद्यमिता प्रशिक्षण का शुभारंभ हो गया। मंगलवार को मुख्य अतिथि खिमानंद भट्ट, विशिष्ट अतिथि गोविंद बोहरा, पान देव भट्ट, मनोहर सिंह, स्वरूप सिंह व दीपक सिंह ने प्रशिक्षण का शुभारंभ किया।

प्राचार्य डा. अजीता दीक्षित ने कहा कि प्रशिक्षण से प्रतिभागियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा। केंद्र के समन्वयक डा. डीके गुप्ता ने कहा कि उद्यमिता से रोजगार सृजन होंगे। प्रतिभागियों में स्थानीय निवासी, व्यापारी, उद्यमी, विद्यार्थी शामिल रहे। मुख्य प्रशिक्षक अवनीश राय के संचालन में डा. अर्चना वर्मा, डा. संजय कुमार, पुष्पा, डा. अतुल मिश्र, डा. रंजना सिंह, संजय गंगवार, हरीश जोशी, दशरथ बोहरा, दिनेश रावत आदि मौजूद रहे।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))



## बुरांश से प्राकृतिक रंग तैयार करना सिखाया

**संस, जागरण • देवीधुरा :** राजकीय आदर्श महाविद्यालय देवीधुरा में उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत बुरांश से प्राकृतिक रंग तैयार करने की विधि बताई गई। देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत आयोजित प्रशिक्षण में मुख्य वक्ता पंकज तिवारी ने कहा कि देवीधुरा क्षेत्र में बुरांश बहुतायत से पाया जाता है। बुरांश से प्राकृतिक रंग तैयार किया जा सकता है। जिसे होली के रंगों के रूप में उपयोग में लाया जा सकता है। इससे रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे और रसायन युक्त रंगों से त्वचा को नुकसान होने से भी बचेंगे। माल्टा से जूस बनाने की प्रक्रिया बताई। प्राचार्य डा. गीता श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों के उत्साह एवं विचारों की सराहना करते हुए नवाचार अपनाने के लिए प्रेरित किया। संचालन देवभूमि उद्यमिता केंद्र के नोडल अधिकारी डा. हेम चंद्र ने किया।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

न्यूज डायरी

### स्वरोजगार से जुड़ने के लिए दिए टिप्स

लोहाघाट (चंपावत)। राजकीय पीजी कॉलेज लोहाघाट में देवभूमि उद्यमिता केंद्र की ओर से उद्यमिता विकास प्रशिक्षण शुरू हो गया है। 12 दिनों तक चलने वाले प्रशिक्षण में छात्र छात्राओं को स्वरोजगार के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए जाएंगे। प्रभारी प्राचार्य डॉ. लता कैड़ा ने प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। देवभूमि उद्यमिता केंद्र की नोडल डॉ. अर्चना त्रिपाठी ने बताया कि स्टार्टअप के लिए चुने गए बेहतरीन आइडिया को सरकार की ओर से 75 हजार रुपये का सीड फंड दिया जाएगा। जिला उद्योग केंद्र की सहायक प्रबंधक प्रिया रावत ने भी योजनाओं के बारे में बताया। प्रशिक्षण में छात्र संघ अध्यक्ष ऋतिक ढेक, डीएवी मेंटर अरुणेष पांडेय, प्रो. अपराजिता, डॉ. रुचिर जोशी, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. सोनाली कार्तिक, डॉ. शांति, मोनिका आदि रहे। संवाद

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

## देवभूमि उद्यमिता योजना के लिए पुरस्कार मिला

देहरादून/दिल्ली। देवभूमि उद्यमिता योजना के माध्यम से उच्च शिक्षा में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए उत्तराखंड उच्च शिक्षा विभाग को स्कॉच अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। शनिवार को दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में उच्च शिक्षा सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान-अहमदाबाद के सहयोग से देवभूमि उद्यमिता योजना ने उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों को प्रशिक्षण, सीड फंडिंग, मेंटरशिप और बाजार तक पहुंच प्रदान कर उनके स्टार्टअप और उद्यमों को सशक्त बनाया है। मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बधाई दी।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

# महाविद्यालय में बूट कैम्प शुरू

सितारगंज। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सितारगंज में मंगलवार को दो दिवसीय बूट कैम्प कार्यक्रम का आयोजन शुरू किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर विमला सिंह ने कहा कि यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों के भावी जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी तथा ज्ञानवर्धक है। यहां नोडल अधिकारी डॉ. एमसी आर्य, किरन जोशी, विनोद पांडे, डॉ. विमला सिंह, डॉ. संजय टम्टा, डॉ. अभिमन्यु सिंह, डॉ. दुर्गा तिवारी, डॉ. कामना दीक्षित, डॉ. कमला उपाध्याय डॉ. प्रज्ञा सिन्हा, डॉ. प्रकाश भट्ट मौजूद रहे।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

अतुल कांडपाल, नवीन पांडे, नवीन चंद, खिलानंद पांडे, संजय सक्सेना रहे।

पुरस्कृत किया। माई सिटी रिपोर्टर

# उद्यमिता विकास कार्यक्रम में छात्रों ने सीखा स्वरोजगार

माई सिटी रिपोर्टर

हल्द्वानी। उत्तराखंड मुक्त विवि में आयोजित 12 दिवसीय एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम (उद्यमिता विकास कार्यक्रम) के अंतिम दिन प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें 20 से अधिक उद्यमियों ने अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई।

विवि के छात्रों और शिक्षकों के अलावा हल्द्वानी शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रदर्शनी में आए लोगों ने उत्पादों को न केवल सराहा, बल्कि उन्हें खरीदकर प्रतिभागियों का उत्साह भी बढ़ाया।

यह एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम 16 जनवरी को आरंभ हुआ था। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से अनुभवी उद्यमियों, प्रोफेसरों और बैंक अधिकारियों को विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम के समापन समारोह में कुलपति प्रो. ओपी सिंह नेगी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम उत्तराखंड में पलायन की समस्या को रोकने में सहायक सिद्ध हो सकते हैं, क्योंकि रोजगार और उद्यमिता राज्य के विकास के लिए आवश्यक हैं।

देवभूमि उद्यमिता योजना के परियोजना अधिकारी अभिषेक नंदन ने बताया कि भविष्य में भी वह सभी प्रतिभागियों के साथ संपर्क बनाए रखेंगे। साथ ही उन्हें उद्यमिता से संबंधित मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान करेंगे। इस दौरान डॉ. अखिलेश सिंह, डॉ. नागेंद्र सिंह गंगोला, पूजा शर्मा, प्रिया बोरा, रितु बोरा, नवीन जोशी, प्रोफेसर एमएम जोशी, डॉ. बृजेश उपाध्याय आदि थे।

यूओयू



यूओयू में लगाई गई प्रदर्शनी में स्टॉल का निरीक्षण करते अतिथि। संवाद

# DUY- Media Coverage

ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

# यूओयू में 28 को आयोजित होगी स्टार्टअप प्रदर्शनी

## प्रदर्शनी में 15 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे, अब तक 30 से अधिक रजिस्ट्रेशन प्राप्त हो चुके हैं

● जनवाणी संवाददाता, हल्द्वानी

उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में चल रहे 12 दिवसीय एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम (ईडीपी) के समापन अवसर पर 28 जनवरी को विश्वविद्यालय परिसर में एक भव्य स्टार्टअप प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में 15 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे, और अब तक 30 से अधिक रजिस्ट्रेशन प्राप्त हो चुके हैं। विभिन्न क्षेत्रों के स्टार्टअप उद्यमियों से अपील की गई है कि वे इस प्रदर्शनी में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपने उद्यमों तथा उत्पादों को जन-जन तक पहुंचाएं। एंटरप्रेन्योर्स के लिए रजिस्ट्रेशन निशुल्क होगा, जिसे वे समिति के सदस्यों से या विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 26 जनवरी को सायं 6 बजे तक निर्धारित की गई है। स्टॉल लगाने के लिए प्राथमिकता उन उद्योगों को दी जाएगी जो उत्तराखंड की संस्कृति को बढ़ावा देते हैं। समिति के सदस्यों ने यह भी बताया कि रजिस्ट्रेशन के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा और सभी उद्यमियों से आग्रह किया गया है कि वे इस भव्य आयोजन का हिस्सा बनें। हल्द्वानी क्षेत्रवासियों से भी अपील की गई है कि वे 28 जनवरी को सुबह 10 बजे से लेकर सायं 4 बजे तक विश्वविद्यालय परिसर में पहुंचकर स्टार्टअप प्रदर्शनी का हिस्सा बनें और उद्यमियों का उत्साहवर्धन करें। इस सामूहिक प्रयास से राज्य में पलायन की समस्या को रोकने में भी मदद मिलेगी।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

## आज से उद्यमिता विकास कार्यक्रम यूओयू में शुरू

जासं • हल्द्वानी: उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम गुरुवार से प्रारंभ होगा। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान ईडीआइआइ के सहयोग से देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत कार्यक्रम 28 जनवरी तक संचालित होगा। कार्यक्रम समन्वयक डा. अखिलेश सिंह ने बताया कि आयोजन युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रेरित करने और व्यवसाय शुरू करने को आवश्यक कौशल सिखाने के लिए किया जा रहा है।

इसमें ईडीआइआइ के साथ ही अन्य संस्थाओं के विशेषज्ञों का मार्गदर्शन मिलेगा। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए योजना के पोर्टल duy-heduk.org पर पंजीकरण करा सकते हैं। साथ ही कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व भी पंजीकरण कराया जा सकता है।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

## यूओयू में युवाओं को उद्यमिता की दी जाएगी जानकारी

हल्द्वानी। उत्तराखंड मुक्त विवि और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) अहमदाबाद के संयुक्त संयोजन में 12 दिनी उद्यमिता विकास कार्यक्रम शुरू हो रहा है। देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत यूओयू में 16 से 28 जनवरी तक हाने वाले आयोजन में युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रेरित करने और व्यवसाय शुरू करने के लिए आवश्यक कौशल व्यवसाय योजना, विपणन, वित्त और प्रबंधन का ज्ञान प्रदान करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यूओयू के अनुसार इससे व्यवसाय योजना विकास पर विशेष ध्यान और नेटवर्किंग के अवसर भी मिलेंगे। संवाद

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

---

# कर्णप्रयाग कॉलेज के छात्रों ने किया बाजार सर्वेक्षण, सीखे व्यवसाय के गुर




**कर्णप्रयाग (जिद्दी कलम)**- राज्य सरकार द्वारा संचालित देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कर्णप्रयाग में आयोजित 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत रविवार को छात्र–छात्राओं ने कर्णप्रयाग का बाजार सर्वेक्षण किया। यह सर्वेक्षण डॉ. हरीश बहुगुणा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने स्थानीय व्यापारिक गतिविधियों, उपभोक्ता आवश्यकताओं और बाजार प्रतिस्पर्धा का अध्ययन किया।

सर्वेक्षण के दौरान छात्र–छात्राओं ने स्थानीय दुकानदारों, होटल एवं रेस्टोरेंट संचालकों, गढ़वाल मंडल विकास निगम, प्रिंटिंग प्रेस, कपड़ा व्यापारियों आदि से मुलाकात कर बाजार की स्थिति को समझा। उन्होंने मांग और आपूर्ति, मूल्य निर्धारण, उपभोक्ता पसंद और विपणन रणनीतियों पर जानकारी एकत्र की। इस सर्वेक्षण से छात्रों को वास्तविक बाजार की परिस्थितियों को समझने और व्यावसायिक रणनीतियों को जानने का अवसर मिला।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

4

संक्षिप्त खबरें

### छात्र-छात्राओं ने किया बाजार का सर्वेक्षण

**कर्णप्रयाग।** महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बाजार का सर्वेक्षण कर व्यापारिक गतिविधियों का अध्ययन किया। राज्य सरकार द्वारा संचालित देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं ने बाजार का सर्वेक्षण किया। सर्वेक्षण डा. हरीश बहुगुणा के मार्गदर्शन में हुआ। छात्र-छात्राओं ने स्थानीय व्यापारिक गतिविधियों, उपभोक्ता आवश्यकताओं और बाजार प्रतिस्पर्धा का अध्ययन किया। सर्वेक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं ने स्थानीय दुकानदारों, होटल एवं रेस्टोरेंट संचालकों, गढ़वाल मंडल विकास निगम, प्रिंटिंग प्रेस व कपड़ा व्यापारियों आदि से मुलाकात कर बाजार की स्थिति को समझा। उन्होंने मांग और आपूर्ति, मूल्य निर्धारण, उपभोक्ता पसंद और विपणन रणनीतियों पर जानकारी एकत्र की। सर्वेक्षण से छात्रों को बाजार की परिस्थितियों को समझने और व्यावसायिक रणनीतियों को जानने का अवसर मिला।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))




कर्णप्रयाग में बाजार के सर्वे के लिए पहुंचे छात्र-छात्राएं। स्रोतः जागरूक पाठक

## छात्र-छात्राओं ने सर्वे कर बाजार की स्थिति को समझा

**कर्णप्रयाग।** डॉ. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संचालित देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं ने बाजार का सर्वेक्षण किया। देवभूमि उद्यमिता के नोडल अधिकारी डॉ. हरीश बहुगुणा के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने स्थानीय व्यापारिक गतिविधियों, उपभोक्ता आवश्यकताओं और बाजार प्रतिस्पर्धा का अध्ययन किया। उन्होंने मांग और आपूर्ति, मूल्य निर्धारण, उपभोक्ता पसंद और विपणन रणनीतियों पर जानकारी एकत्र की। सर्वेक्षण से छात्रों को वास्तविक बाजार की परिस्थितियों को समझने और व्यावसायिक रणनीतियों को जानने का अवसर मिला। संवाद

आपके राज्य की हर खबर
amarujala.com पर

**कार्यालय उप जिलाधिकारी डुण्डा, उत्तरकाशी**

संख्या-मेमो/पी०ए०-विज्ञप्ति पत्रा०/2025 दिनांक 02/03/2025

**संशोधित प्रेस विज्ञप्ति**

इस कार्यालय के पत्र सं०-मेमो/दिनांक 05.02.2025 को सब डिवीजन डुण्डा क्षेत्रान्तर्गत रिवर डेजिंग 06 स्थलों में जमा उपखनिज बोल्डर्स, बजरी एवं आर०बी०एम० हो हटाये जाने के लिये उत्तराखण्ड रिवर ड्रेजिंग नीति 2021 यथा संशोधित 2024 में वर्णित प्राविधानों के अन्तर्गत निस्तारण किये जाने हेतू खुली नीलामी की प्रक्रिया के माध्यम से जनपद उत्तरकाशी के इच्छुक व्यक्तियों एवं संस्थाओं से आवेदन मांग गये थे, जिसकी बोली दिनांक 04.03.2025 को होनी निर्धारित की गयी थी, जो अपरिहार्य कारणों से उक्त विज्ञप्ति में आंशिक संशोधन करते हुए तहसील डुण्डा के उपरोक्त स्थलों/लाटों की खुली नीलामी हेतु आवेदन की तिथि को दिनांक 15.03.2025 सांय 05:00 बजे तक बढ़ाया जाता है। चिन्हित स्थलों हेतु खुली नीलामी की प्रक्रिया गठित समिति द्वारा दिनांक 17.03.2025 को समय प्रातः 11:00 बजे से उप जिलाधिकारी कार्यालय डुण्ड में प्रारम्भ की जायेगी। शेष शर्ते यथावत रहेगी।

उप जिलाधिकारी डुण्डा।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

# छात्रों के दल ने किया बाजार का सर्वेक्षण

संवाद सूत्र, जागरण • कर्णप्रयाग : देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित 12 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत रविवार को छात्र-छात्राओं ने व्यवसाय की जानकारी के लिए बाजार क्षेत्र का सर्वेक्षण किया। डा. हरीश बहुगुणा के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने व्यापार के अनुभवों को जाना। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं ने स्थानीय व्यापारिक गतिविधियों, उपभोक्ता आवश्यकताओं और बाजार प्रतिस्पर्धा का अध्ययन किया।

सर्वेक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं ने स्थानीय दुकानदारों, होटल एवं रेस्टोरेंट संचालकों, गढ़वाल मंडल विकास निगम, प्रिंटिंग प्रेस, कपड़ा व्यापारियों आदि से मुलाकात कर बाजार की स्थिति को समझा। उन्होंने मांग और आपूर्ति, मूल्य निर्धारण, उपभोक्ता पसंद और विपणन रणनीतियों पर जानकारी एकत्र की। इस सर्वेक्षण से छात्रों को वास्तविक बाजार की परिस्थितियों को समझने और व्यावसायिक रणनीतियों को जानने का अवसर मिला।

डा. बहुगुणा ने बताया कि इससे पूर्व स्थानीय उत्पादों से तैयार सामग्री उपभोक्ताओं तक पहुंचाने और स्वरोजगार के जरिए भविष्य संवारने की जानकारी भी छात्र-छात्राओं को दी जा चुकी है।




बाजार क्षेत्र का भ्रमण करता राजकीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का दल • जागरण

गढ़वाल की और भी खबरें पढ़ें
www.jagran.com

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

## उद्यमिता के विकास में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण : कुलपति

### उत्तराखंड मुक्त विवि में 12 दिन का विशेष कार्यक्रम शुरू

संवाद न्यूज एजेंसी

हल्द्वानी। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में बृहस्पतिवार को 12 दिनी उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीएफ) का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए 80 प्रतिभागियों ने देवभूमि उद्यमिता योजना पोर्टल में पंजीकरण कराया।

मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद प्रोजेक्ट ऑफिसर अभिषेक नंदन ने देवभूमि उद्यमिता योजना की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.ओपीएस नेगी ने कहा की उद्यमिता के विकास में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। विवि में ऐसे प्लेटफार्म तैयार किए जाएं जो उद्यमिता की सोच को विकसित करें।

कार्यक्रम के अंत में कार्यवाहक रजिस्ट्रार प्रो.सोमेश कुमार ने अतिथियों का आभार जताया। संचालन डॉ.नागेंद्र सिंह गंगोला ने किया। कार्यक्रम का आयोजन मुक्त विश्वविद्यालय, प्लेसमेंट सेल और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के सहयोग से किया गया है। यहां प्रो.गिरिजा पांडे, कार्यक्रम समन्वयक डॉ.अखिलेश सिंह, डॉ.सुमित प्रसाद, डॉ.मनोज कुमार पांडे, सुधांशु वर्मा, प्रिया बोरा, पूजा शर्मा, प्रो. डिगर सिंह फर्स्वाण, डॉ.सिद्धार्थ पोखरियाल, तरुण नेगी, रश्मि सक्सेना, बबीता खाती, निर्मला तड़ागी, डॉ.बृजेश बनकोटी, पंकज कुमार आदि रहे।




उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में उद्यमिता विकास कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। संवाद

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

# उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र का सफल आयोजन

**प्रधान टाइम्स ब्यूरो**




**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी द्वारा 16 से 28 जनवरी 2025 तक आयोजित 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम (EDP) का शुभारंभ 16 जनवरी को सफलतापूर्वक किया गया। इस उद्घाटन सत्र में 100 से अधिक शिक्षकों, कर्मचारियों व प्रतिभागियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए 80 प्रतिभागियों ने देवभूमि उद्यमिता योजना (DUY) पोर्टल पर अपना पंजीकरण पूरा किया।

कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रो गिरिजा पाण्डे, निदेशक, सिका ने कहा की उद्यमिता एक दर्शन है जो हमारे जीवन को नई धरा देती है। पुरे कार्यक्रम की रूपरेखा छात्रों के समक्ष डॉ. अखिलेश सिंह, कार्यक्रम समनवयक ने रखी तथा डॉ. सुमित प्रसाद, सदस्य सचिव, विश्वविद्यालय उद्योग प्रकोष्ठ ने कहा की उद्यमिता एक जन्मजात गुण नहीं है, इसका विकास हमारे प्रयासों द्वारा होता है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीयुवाई के प्रोजेक्ट ऑफिसर श्री अभिषेक नंदन जी उपस्थित रहे। जिन्होने देवभूमि उद्यमिता योजना की पूरी रूपरेखा पीपीटी द्वारा प्रस्तुत की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओ.पी.एस नेगी ने कहा की उद्यमिता के विकास में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण है और विश्वविद्यालय द्वारा ऐसे प्लेटफार्म भी तैयार किये जाए जो उद्यमिता की सोच को विकसित करे। कार्यक्रम के अंत में प्रो. सोमेश कुमार, कार्यवाहक रजिस्ट्रार ने सभी अतिथियों व प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया7 कार्यक्रम का संचालन डॉ नागेंद्र सिंह गंगोला ने किया।

इस कार्यक्रम का आयोजन उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, प्लेसमेंट सेल, यूओयु और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (EDII), अहमदाबाद के संयुक्त सहयोग से किया गया। आयोजन सचिवों में डॉ मनोज कुमार पांडे, सुधांशु वर्मा, सुश्री प्रिया बोरा, श्रीमती पूजा शर्मा और डॉ. नागेंद्र सिंह गंगोला ने इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने में योगदान दिया। इस अवसर पर प्रो. डिगर सिंह फर्स्वाण, डॉ सिद्धार्थ पोखरियाल, तरुण नेगी, डॉ बृजेश बनकोटी, पंकज कुमार, भास्कर जोशी, सुश्री प्रियंका लोहानी, राजेश आर्य और सुश्री रितु बोरा आदि मौजूद रहे।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

# देवभूमि उद्यमिता योजना की पूरी रूपरेखा की गई प्रस्तुत

**• यूओयू के 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का उद्घाटन**

भास्कर समाचार सेवा




उद्यमिता विकास कार्यक्रम मे मंचासीन यूओयू के अधिकारी।

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की ओर से 28 जनवरी तक आयोजित 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का शुभारंभ 16 जनवरी को सफलतापूर्वक किया गया। इस उद्घाटन सत्र में 100 से अधिक शिक्षकों, कर्मचारियों व प्रतिभागियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए 80 प्रतिभागियों ने देवभूमि उद्यमिता योजना पोर्टल पर अपना पंजीकरण पूरा किया।

कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रो गिरिजा पाण्डे, निदेशक, सिका ने कहा की उद्यमिता एक दर्शन है जो हमारे जीवन को नई धरा देती है। पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा छात्रों के समक्ष डॉ. अखिलेश सिंह, कार्यक्रम समनवयक ने रखी तथा डॉ. सुमित प्रसाद, सदस्य सचिव, विश्वविद्यालय उद्योग प्रकोष्ठ ने कहा की उद्यमिता एक जन्मजात गुण नहीं है, इसका विकास हमारे प्रयासों द्वारा होता है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीयुवाई के प्रोजेक्ट ऑफिसर अभिषेक नंदन उपस्थित रहे। जिन्होने देवभूमि उद्यमिता योजना की पूरी रूपरेखा पीपीटी द्वारा प्रस्तुत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी ने कहा की उद्यमिता के विकास में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण है और विश्वविद्यालय द्वारा ऐसे प्लेटफार्म भी तैयार किये जाए जो उद्यमिता की सोच को विकसित करे। कार्यक्रम के अंत में प्रो. सोमेश कुमार, कार्यवाहक रजिस्ट्रार ने सभी अतिथियों व प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ नागेंद्र सिंह गंगोला ने किया। इस कार्यक्रम का आयोजन उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, प्लेसमेंट सेल, यूओयु और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद के संयुक्त सहयोग से किया गया। आयोजन सचिवों में डॉ मनोज कुमार पांडे, सुधांशु वर्मा, प्रिया बोरा, पूजा शर्मा और डॉ. नागेंद्र सिंह गंगोला ने इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने में योगदान दिया। इस अवसर पर प्रो. डिगर सिंह फर्स्वाण, डॉ सिद्धार्थ पोखरियाल, तरुण नेगी, डॉ बृजेश बनकोटी, पंकज कुमार, भास्कर जोशी, प्रियंका लोहानी, राजेश आर्य और रितु बोरा आदि मौजूद रहे।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रत्याशी ललित जोशी के समर्थन में समस्या में जनता के साथ खड़े रहते किया। उन्होंने कहा भाजपा केवल

# यूओयू में उद्यमिता विकास कार्यक्रम शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

हल्द्वानी। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी द्वारा 16 से 28 जनवरी तक आयोजित 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) का शुभारंभ आज गुरूवार को सफलतापूर्वक किया गया। उद्घाटन सत्र में 100 से अधिक शिक्षकों, कर्मचारियों और प्रतिभागियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए 80 प्रतिभागियों ने देवभूमि उद्यमिता योजना (डीयूवाई) पोर्टल पर अपना पंजीकरण पूरा किया। यह कार्यक्रम उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, प्लेसमेंट सेल, यूओयु और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों




का स्वागत करते हुए प्रो. गिरिजा पाण्डे, निदेशक, सिका ने कहा कि उद्यमिता एक दर्शन है, जो हमारे जीवन को नई दिशा और प्रेरणा देता है। कार्यक्रम की रूपरेखा डा. अखिलेश सिंह कार्यक्रम समन्वयक ने प्रस्तुत की। जबकि डा. सुमित प्रसाद, सदस्य सचिव, विश्वविद्यालय उद्योग प्रकोष्ठ ने बताया कि उद्यमिता जन्मजात गुण नहीं होती, बल्कि यह हमारे प्रयासों से विकसित होती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीयुवाई के प्रोजेक्ट ऑफिसर श्री अभिषेक नंदन ने देवभूमि उद्यमिता योजना की पूरी रूपरेखा पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.ओपीएस नेगी ने कहा कि उद्यमिता के विकास में शिक्षकों की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण है और विश्व. विद्यालय द्वारा ऐसे प्लेटफॉर्म तैयार किए जाने चाहिए, जो उद्यमिता की सोच को प्रोत्साहित करें। कार्यक्रम के अंत में प्रो. सोमेश कुमार, कार्यवाहक रजिस्ट्रार ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन डा. नागेंद्र सिंह गंगोला द्वारा किया गया। इस मौके पर डा. मनोज कुमार पांडे, सुधांशु वर्मा, प्रिया बोरा, पूजा शर्मा, प्रो. डिगर सिंह फर्स्वाण, डा. सिद्धार्थ पोखरियाल, तरुण नेगी, डा. बृजेश बनकोटी, पंकज कुमार, भास्कर जोशी, प्रियंका लोहानी, राजेश आर्य, रितु बोरा समेत कई लोग मौजूद रहे।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))



न्यूज डायरी

**स्वरोजगार से जुड़ने के लिए दिए टिप्स**

**लोहाघाट (चंपावत)।** राजकीय पीजी कॉलेज लोहाघाट में देवभूमि उद्यमिता केंद्र की ओर से उद्यमिता विकास प्रशिक्षण शुरू हो गया है। 12 दिनों तक चलने वाले प्रशिक्षण में छात्र छात्राओं को स्वरोजगार के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए जाएंगे। प्रभारी प्राचार्य डॉ. लता कैड़ा ने प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। देवभूमि उद्यमिता केंद्र की नोडल डॉ. अर्चना त्रिपाठी ने बताया कि स्टार्टअप के लिए चुने गए बेहतरीन आइडिया को सरकार की ओर से 75 हजार रुपये का सीड फंड दिया जाएगा। जिला उद्योग केंद्र की सहायक प्रबंधक प्रिया रावत ने भी योजनाओं के बारे में बताया। प्रशिक्षण में छात्र संघ अध्यक्ष ऋतिक ढेक, डीएवी मेंटर अरुणेष पांडेय, प्रो. अपराजिता, डॉ. रुचिर जोशी, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. सोनाली कार्तिक, डॉ. शांति, मोनिका आदि रहे। संवाद

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

### लोहाघाट में उद्यमिता विकास कार्यक्रम शुरू

लोहाघाट। पीजी कॉलेज लोहाघाट में देवभूमि उद्यमिता केंद्र की ओर से 12 उद्यमिता विकास कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण में 45 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। शनिवार को पीजी कॉलेज में प्रभारी प्राचार्य डॉ. लता कैड़ा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। देवभूमि उद्यमिता केंद्र की नोडल डॉ. अर्चना त्रिपाठी ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग और उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद की संयुक्त पहल पर कार्यक्रम हो रहा है। स्टार्टअप के लिए चुने गए बेहतरीन विचारों को सरकार 75 हजार रुपये का सीड फंड देगी। विशेषज्ञ अवनीश राय, जिला उद्योग केंद्र की सहायक प्रबंधक प्रिया रावत आदि रहे।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-1, (2024-25))

कार्यक्रम | प्रतिभागियों को उद्यमिता के महत्व और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के दी प्रेरणा, कुल 45 प्रतिभागियों ने लिया इस कार्यक्रम में भाग

# अमोड़ी महाविद्यालय में उद्यमिता का 12 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : मंगलवार को महाविद्यालय अमोड़ी में प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अजिता दीक्षित की अध्यक्षता में देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत 12 दिवसीय उद्यमिता प्रशिक्षण शुरू हुआ। मुख्य अतिथि खीमानंद भट्ट तथा विशेष अतिथि गोविंद सिंह बोहरा, पानदेव भट्ट, मनोहर सिंह, रुवरूप सिंह बोहरा व दीपक बोहरा की उपस्थिति में उद्घाटन हुआ। प्राचार्य प्रो. दीक्षित ने प्रतिभागियों को उद्यमिता के महत्व और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण से प्रतिभागियों का भविष्य आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेगा।



अमोड़ीमहाविद्यालय में जानकारी देते प्राचार्य डॉ .अजीतादीक्षित। ● अमृत विचार

डीयूवाई केन्द्र समन्वयक डॉ. डी.के. गुप्ता ने कहा कि प्रतिस्पर्धात्मक युग में उद्यमिता केवल रोजगार सृजन का माध्यम नहीं, बल्कि यह व्यक्तिगत और सामुदायिक विकास का भी साधन है। कुल 45 प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया, जिसमें अमोड़ी क्षेत्र के लोग, व्यापारी, उद्यमी, शिक्षार्थी, और महाविद्यालय के विद्यार्थी शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन मुख्य प्रशिक्षक अवनीश राय एवं समन्वयक डॉ. डी.के. गुप्ता द्वारा किया गया। प्राचार्य को विशेष स्मृतिचिन्ह से सम्मानित किया गया।

मुख्य प्रशिक्षक राय ने उद्यमिता का परिचय, कार्य, और भविष्य की योजनाओं से प्रतिभागियों को जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान डॉ. अर्चना वर्मा, डॉ. संजय कुमार, डॉ. रंजना सिंह, पुष्पा, डॉ. अतुल कुमार मिश्र, संजय कुमार गंगवार, हरीश चंद्र जोशी, दशरथ बोहरा व दिनेश रावत आदि मौजूद रहे।

## उद्यमिता में भविष्य बनाने की दी सलाह

रानीखेत, अमृत विचार : स्व. श्री जयदत्त वैला स्वतंत्रता संग्रामसेनानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत में उच्च शिक्षाविभाग उत्तराखंड सरकार एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद (गुजरात) के संयुक्त तत्वाधान में 'देवभूमि उद्यमिता योजना' 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम के ग्यारहवें दिन कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य, प्रोफेसर बीबी भट्ट एवं मुख्य अतिथि होल्म फार्म हैरिटेज एस्टेट से हिमांशु उपाध्याय द्वारा मां शारदा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। स्वागत संबोधन में प्रभारी प्राचार्य द्वारा कार्यक्रम की संक्षिप्त रूपरेखा रखी गई। जिसमें उन्होंने समस्त छात्र-छात्राओं को उद्यमिता में भविष्य बनाने की सलाह दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता हिमांशु उपाध्याय द्वारा छात्र-छात्राओं को उद्यमिता को स्वयं के भीतर खोजने की सलाह दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को एग्रो पर टूरिज्म, मशरूम कल्टीवेशन, हॉर्टिकल्चर, एवं हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में उद्यम स्थापित करने संभावनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी, डॉ राहुल पन्त द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. आस्था अधिकारी, डॉ. निष्ठा शर्मा एवं समस्त छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।